नई दिल्ली
बुधवार 10 सितंबर 2025
अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया
वर्ष : 29, अंक : 147
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# बालेन को नेपाल का 'शाह' बनाने तख्ता-पलट

पीएम केपी ओली व राष्ट्रपति पौडेल का इस्तीफा, ओली नेपाल से बाहर निकले

पूर्व पीएम देऊबा पर भी हमला किया दूसरे पूर्व पीएम की पत्नी को जलाकर मारा

वित्त मंत्री को प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- जिस अफसर के आदेश पर फायरिंग में 24 लोगों की मौत हुई उसकी भी हत्या
- नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल कर सकते हैं अंतरिम सरकार का नेतृत्व



एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल में युवाओं के हिंसक आंदोलन के बाद स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री केपी ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले ओली के इस्तीफे को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया था। इस्तीफे से पहले ओली के सरकारी आवास को प्रदर्शनकारियों ने फूंक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कौन हैं बालेन शाह? रैपर से बने मेयर, युवा पीढ़ी के आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे



साल 2023 में 'टाइम' मैगजीन ने बालेन शाह को टॉप 100 उभरते नेताओं की सूची में शामिल किया था, जबकि न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे वैश्विक मीडिया ने भी उनकी तारीफ की। बालेन शाह की लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें नेपाल की राजनीति में नई उम्मीद माना जा रहा है। बालेन शाह काठमांडू के 15वें मेयर हैं। बालेन पेशे से सिविल इंजीनियर और रैपर भी रहे हैं। बालेन शाह ने साल 2022 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काठमांडू मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। बालेन की छवि एक अच्छे प्रशासक की है और बालेन के मेयर रहते हुए कई ऐसे काम हुए हैं, जिनसे राजधानी में प्रशासन बेहतर हुआ। बालेन शाह अपने समर्थकों से जुड़ने के लिए पारंपरिक मीडिया के बजाए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने नेपाल के हालात पर जताई चिंता

*पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल की घटनाक्रम पर चिंता जताई है। उन्हों एक्स पर लिखा कि नेपाल में हिंसा हृदयविदारक है, मुझे इस बात का दुःख है कि कई युवाओं ने अपनी जान गंवाई है। नेपाल की स्थिरता, शांति और समृद्धि हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं नेपाल के सभी भाइयों और बहनों से विनम्रतापूर्वक शांति का समर्थन करने की अपील करता हूं।*

### नेपाली सेना संभालेगी सुरक्षा की जिम्मेदारी

*नेपाली सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि वह रात 10 बजे से सुरक्षा अभियानों की कमान संभालेगी। यह घोषणा काठमांडू और अन्य शहरों में 27 घंटे तक चली हिंसक अशांति के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के कुछ ही घंटों बाद की गई।*

## नेपाल में बिगड़ते हालातों के बीच विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए जारी किया परामर्श

# हालात सामान्य होने तक अनावश्यक यात्रा से बचने और काठमांडू में भारत के दूतावास के संपर्क में बने रहने की दी सलाह

मदद के लिए जारी किए गए जरूरी हेल्पलाइन नंबर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध हटने के बाद भी जारी 'जेन-Z' के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के तुरंत बाद भारत भी हरकत में आ गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दो बयान जारी किए। जिनमें से एक में अपने नागरिकों के लिए जरूरी परामर्श जारी करते हुए उन्हें जमीनी परिस्थितियां सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है। जबकि दूसरे बयान में मंत्रालय ने बीते सोमवार से ही नेपाल के समूचे घटनाक्रम पर कड़ी नजर बनाए रखने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दूतावास से संपर्क रखें, हेल्पलाइन नंबर जारी

*मंत्रालय ने परामर्श में ये भी कहा कि वर्तमान में नेपाल में रह रहे भारतीय अपनी आवासीय जगहों और ठिकानों पर ही रहें, पूरी सतर्कता बरतें और सड़कों पर गैर-जरूरी ढंग से बाहर न निकलें। नेपाली अधिकारियों और काठमांडू में मौजूद भारतीय दूतावास द्वारा स्थानीय सुरक्षा के मद्देनजर दिए जाने वाले दिशानिर्देशों का सख्ती के साथ पालन करने का अनुरोध भी मंत्रालय की तरफ से किया गया है। इसके अलावा भारतीयों को यह भी स्पष्ट किया गया है कि वो किसी प्रकार की सहायता के लिए भारतीय दूतावास के साथ ही +977-9808602881 और +977-9810326134 जैसे दो हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क* ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आईफोन 17 सीरीज के साथ लांचिंग



**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज एप्पल एक इवेंट का आयोजन में आईफोन 17 सीरीज को लांच कर दिया। इसमें नई एप्पल वॉच और एयरपॉड्स शामिल हैं। यह एप्पल का सबसे पतला आईफोन है। भारत में 12 सितंबर से प्री ऑर्डर शुरू हो सकता है। 19 सितंबर से आईफोन 17 सीरीज की बिक्री शुरू होने की संभावना है। पिछले साल भी कुछ ऐसा ही हुआ था।

### ऐश्वर्या बोली- मेरा नाम फोटो यूज करने से रोकें



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने दिल्ली हाईकोर्ट से अपनी तस्वीरों और नाम के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। आरोप है कि बिना अनुमति के उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जिसमें एआई-जनरेटेड सामग्री भी शामिल है।

### गूगल के एआई मोड पर हिंदी में पूछ सकेंगे सवाल



**नई दिल्ली।** एआई का बढ़ता चलन देखते हुए गूगल ने अपने एआई मोड को अपग्रेड कर दिया है। गूगल सर्च को और भी बेहतर बनाने के लिए एआई मोड लाया गया था। अब यह मोड 5 नई भाषाओं में उपलब्ध है। खास बात यह है कि हिंदी बोलने वालों के लिए गूगल सर्च के इस फीचर को यूज करना और भी आसान और उपयोगी हो गया है। अब आप हिंदी में भी सवाल पूछ सकते हैं।

### रिटायर आईएएस डिजिटल अरेस्ट, ठगे 12 लाख



**लखनऊ।** एक रिटायर्ड आईएएस से साइबर ठगी हुई है। ठगों ने रिटायर्ड आईएएस को डिजिटल अरेस्ट करके 12 लाख रुपए वसूले हैं। लखनऊ के साइबर थाने की पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। ठगों ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बताया था। जालसाजों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर गोमतीनगर निवासी रिटायर्ड आईएएस कृपा शंकर गौतम को दो दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर रुपए ऐंठ लिए।

## केंद्र सरकार को राज्यसभा में और मजबूती भी मिलेगी

# सीपी राधाकृष्णन होंगे अगले उपराष्ट्रपति विपक्षी उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी हारे



राधाकृष्णन



सुदर्शन रेड्डी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने निर्णायक जीत दर्ज की। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को पराजित किया। बड़े अंतर से पराजित किया। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के जुलाई के महीने में इस्तीफे के कारण उपराष्ट्रपति का चुनाव कराया गया।

मंगलवार को संसद भवन में सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला वोट डाला। शाम 5 बजे तक लगभग 96-98 फ़ीसदी सांसदों ने मतदान किया। इसके बाद हुई मतगणना में राधाकृष्णन को 452 मत मिले, जबकि रेड्डी को 300 मत ही हासिल हो सके। कुल पंद्रह वोट विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए। चुनाव से बीजू जनता दल, अकाली दल और भारत राष्ट्र समिति ने ख़ुद को अलग रखा था। चुनाव से पहले ही समीकरण साफ हो चुके थे, क्योंकि बीआरएस, बीजेडी और शिरोमणि अकाली दल जैसे दलों ने मतदान से दूरी बनाने का फैसला किया था। बीआरएस ने किसानों की दुर्दशा का हवाला देते हुए मतदान से परहेज़ किया, जबकि आम आदमी पार्टी ने इन दलों पर अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का समर्थन करने का आरोप लगाया। यह चुनाव इसलिए विशेष रहा क्योंकि 1987 के बाद यह पहला मौका है जब उपराष्ट्रपति पद के लिए मध्यावधि चुनाव कराए गए। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया था। सी.पी. राधाकृष्णन की यह जीत न केवल एनडीए की संसदीय ताकत का प्रमाण है, बल्कि इससे केंद्र सरकार को राज्यसभा में और मजबूती भी मिलेगी। विपक्ष की ओर से न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी को एक सशक्त चुनौती माना जा रहा था, लेकिन परिणाम ने एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया।

### एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन जीते मगर

*उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए हालिया चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने जीत तो दर्ज कर ली, लेकिन वोटों का अंतर 2022 में जगदीप धनखड़ को मिले समर्थन की तुलना में काफी कम रहा। यही पहलू इस चुनाव को केवल "औपचारिक जीत" न मानकर, व्यापक राजनीतिक संदेश देने वाला बनाता है। सत्ता पक्ष से वो जादूगरी ग़ायब दिखी जब एनडीए से इतर दल भी अंतिम समय में एनडीए के साथ खड़े नजर आते रहे हैं। इस बार ऐसा नहीं दिखा। विपक्ष अपेक्षाकृत ज़्यादा एकजुट और मजबूती से मुक़ाबिल दिखा।*

### धनखड़ बनाम राधाकृष्णन: वोटों का गणित

*वर्ष 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 मत मिले थे। तब सत्ता पक्ष के रणनीतिकारों ने विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को केवल 182 वोटों में समेट दिया था। यानी धनखड़ को लगभग 74 फ़ीसदी वोट और 346 मतों का भारी अंतर मिला था। जबकि महज़ तीन साल के बाद हुए उपराष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 मत मिले और विपक्षी गठबंधन, इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। इस बार जीत का अंतर सिर्फ 152 वोट रहा। यानी, सिर्फ तीन सालों में एनडीए उम्मीदवार को करीब 76 वोट कम मिले, जबकि विपक्षी उम्मीदवार को 118 वोट ज़्यादा मिले। यह बदलाव विपक्ष की बढ़ती एकजुटता और संसदीय राजनीति में नई धुरी बनने का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।*

### एनडीए की जीत, लेकिन चुनौतियाँ भी

*सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना एनडीए के लिए राहत की बात है। राज्यसभा के सभापति पद पर अब फिर से एनडीए का नियंत्रण रहेगा, जिससे सरकार को विधायी कामकाज चलाने में सहूलियत होगी। फिर भी, घटे हुए मतों की संख्या एनडीए के लिए चेतावनी है कि विपक्ष धीरे-धीरे ताकतवर होता जा रहा है। 2022 में जिस तरह का एकतरफा समर्थन धनखड़ को मिला था, वैसा राधाकृष्णन को नहीं मिल पाया। जाहिर है इसका असर राज्यसभा के संचालन और विधायी कार्य निपटाने में दिखेगा।*

## यह जानकारी सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पोस्ट के जरिए दी है

# सियाचिन बेस कैंप के पास आया हिमस्खलन, 2 अग्निवीरों समेत 3 जवान शहीद





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र कहे जाने वाले लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में मंगलवार को आए हिमस्खलन में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं। जिनमें दो अग्निवीर भी शामिल हैं। इलाके में देश की बर्फीली सीमाओं की सुरक्षा में चौबीसों घंटे तैनात सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कोर' ने 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। वहीं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्लेशियर में गश्त के दौरान जवान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। जिनमें से शहीद हुए जवानों में अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी, अग्निवीर दभी राकेश देवाभाई और सिपाही मोहित कुमार शामिल हैं। तीनों जवान सेना की महार रेजिमेंट के थे और इनका मूल संबंध गुजरात, उत्तर-प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों से बताया जा रहा है। जिस वक्त यह हादसा हुआ। उस वक्त हिमस्खलन की चपेट में कुल 5 सैन्यकर्मी आए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 1 हजार रणबांकुरों ने दिया सर्वोच्च बलिदान

*सियाचिन ग्लेशियर हिमालय की पूर्वी काराकोरम पर्वतमाला में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक ग्लेशियर है। इसे विश्व के दूसरे सबसे बड़े ग्लेशियर के रूप में भी जाना जाता है। समुद्रतल से इसकी ऊंचाई लगभग 5 हजार 753 मीटर, तापमान माइनस 50 से 60 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। यहां पर सालभर सेना की तैनाती को बनाए रखना एक बेहद जटिल (वित्तीय-प्रशासनिक) सैन्य कवायद का हिस्सा है। क्योंकि ग्लेशियर के क्षेत्र में दुश्मन की गोली के बजाय जवानों के सामने हमेशा प्राणघातक मौसम की मार की चुनौती बनी रहती है। आजादी के समय इसे भारत-पाकिस्तान के बीच एक विवादित क्षेत्र माना जाता था। लेकिन वर्ष 1984 से ऑपरेशन मेघदूत के जरिए भारत का ही सियाचिन ग्लेशियर पर पूरी तरह से नियंत्रण रहा है। जिसे वह अपने लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के तहत आने वाले लेह के अधिकार क्षेत्र में स्वीकार करता है। ऑपरेशन मेघदूत के बाद से लेकर अब तक इस क्षेत्र में मौसम की वजह से कुल करीब 1 हजार शहीद हो चुके हैं। सियाचिन ग्लेशियर का एक सबसे बड़ा रणनीतिक महत्व यह है कि इस पर भारत के नियंत्रण से ही वह ये भी सुनिश्चित करता है कि क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन के बीच कोई भौगोलिक सैन्य गठबंधन विकसित न हो सके।*

## सोने की कीमत ने 'रचा इतिहास'

# पहली बार 1.10 लाख रुपए का आंकड़ा कर लिया 'पार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सोने ने पहली बार 1.10 लाख रुपए का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी और अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कमजोर रहने से यह रुझान फिलहाल जारी रह सकता है। हालांकि, निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी ▶▶ शेष पेज 5 पर

- विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया

### क्यों बढ़े सोने के दाम?

पिछले हफ्ते अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़े जारी हुए। इससे यह संभावना बढ़ गई कि फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) इस साल ब्याज दरों में तीन बार कटौती कर सकता है। अगली फेडरल रिजर्व पॉलिसी बैठक में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## परियोजनाओं में देरी को लेकर सख्त हुए मुख्यमंत्री सैनी, गहन समीक्षा के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में चलाई जा रही कई परियोजनाओं के पूरा होने में हो रहे विलम्ब को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसी सभी परियोजनाओं की प्रशासनिक सचिवों के स्तर पर गहन समीक्षा की जाए। मुख्य अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग का दायित्व भी है, ने इस सम्बन्ध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को एक पत्र जारी किया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों या संस्थाओं की 'चल रही परियोजनाओं एवं मध्यस्थता मामलों' की व्यापक समीक्षा करें। साथ ही, विभागों को अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र में भेजने को कहा गया है, जिसमें 'वित्तीय प्रभाव, विलंब के कारण, जवाबदेही तथा शीघ्र पूर्णता के लिए उपाय' स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएँ। 'लंबित बजट घोषणाओं' और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। एक अन्य पत्र में विभागों से ▶▶ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा- विस्थापित परिवारों से वार्ता और पुनर्वास पैकेज की घोषणा की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितम्बर को मणिपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान उनका जोर राज्य में जारी संकट से प्रभावित विस्थापित परिवारों से मुलाक़ात करने और उनके लिए विशेष पुनर्वास पैकेज की घोषणा करने पर रहेगा। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री की यात्रा मिजोरम से शुरू होगी और वे सबसे पहले चुराचंदपुर पहुँचेंगे। यहां वे राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक विस्थापित व्यक्तियों से आमने-सामने बातचीत करेंगे। इसके बाद वे इम्फाल जाएंगे, जहां कांगला सभास्थल में लगभग 15,000 लोगों को संबोधित करेंगे। संभावना यह भी है कि इम्फाल में भी वे विस्थापितों के प्रतिनिधियों से मिल सकते हैं। राज्य सरकार पहले ही पुनर्वास की एक तीन चरणों वाली योजना बना चुकी है, जिसके तहत जुलाई, अक्टूबर और दिसंबर तक क्रमशः सभी राहत शिविर बंद किए जाएंगे। योजना के मुताबिक जिनके घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं, उन्हें करीब 3 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। वहीं आंशिक क्षति वाले घरों की मरम्मत के लिए अलग से सहायता दी जाएगी। इसके अलावा चुराचंदपुर, मोरेह और कांगपोक्पी में विस्थापितों के लिए 1000 प्री-फैब्रिकेटेड घर बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर सरकार का लक्ष्य है कि 57,000 से अधिक लोगों को दिसंबर तक उनके घरों या नए आवासों में पुनर्वासित कर दिया जाए। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से राज्य में शांति प्रक्रिया को नई गति मिलने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मोदी ने पंजाब व हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण

# पंजाब के लिए 1600 और हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रूपये के हेल्प पैकेज की घोषणा

- *प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की*
- *प्रधानमंत्री ने गुरदासपुर में बैठक में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और नुकसान आकलन किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित पंजाब और हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। पंजाब और हिमाचल के प्रभावित इलाकों में बादल फटने और भारी बारिश से आई बाढ़ की स्थिति और उससे हुए नुकसान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने दोनों राज्यों के उन परिवारों से भी भेंट की जो आपदाओं और बाढ़ से प्रभावित हुए थे। उन्होंने उन सभी लोगों के साथ अपनी पूरी एकजुटता व्यक्त की जिन्होंने इस आपदा को झेला है और जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने पंजाब और हिमाचल के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की और पंजाब में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन भी किया। प्रधानमंत्री ने राज्य आपदा राहत कोष में पहले से मौजूद 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। एसडीआरएफ और पीएम किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। उन्होंने पूरे क्षेत्र और उसके लोगों की सहायता के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसमें पीएम आवास योजना के अंतर्गत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, स्कूलों का पुनर्निर्माण, पीएमएनआरएफ के माध्यम से राहत प्रदान करना और पशुओं के लिए मिनी किट वितरित करना जैसे उपाय शामिल होंगे। कृषि समुदाय को सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को समझते हुए, विशेष रूप से उन किसानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जिन बोरवेल में गाद भर गई है या जो बह गए हैं, उनके नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार के विशिष्ट प्रस्ताव के अनुसार, राष्ट्रीय कृषि विकास ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने कांगड़ा में की समीक्षा बैठक

*प्रधानमंत्री ने सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के चंबा, भरमौर, कांगड़ा और अन्य प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक की जिसमें राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन भी किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी।*

## पुलिस ने बगल की दो इमारतों में फंसे 22 लोगों को बाहर निकाला

# सब्जी मंडी इलाके में चार मंजिला इमारत ढही, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में मंगलवार तड़के करीब तीन बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। इमारत को पहले ही एमसीडी ने खाली करवाया हुआ था। इमारत गिरने से बगल की दो बिल्डिंगों में रहने वाले लोग कुछ समय के लिये फंस गये थे। सभी को सकुशल बाहर निकाला गया। कुछ लोग मामूली रूप से घायल भी हुये हैं। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने अन्य सिविक एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गये रेस्क्यू ऑपरेशन में बगल की इमारतों में फंसे 22 लोगों को बाहर निकाला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक दिल्ली नगर निगम ने पहले ही इस इमारत को असुरक्षित घोषित कर दिया था। इसलिए जब यह इमारत ढही उस वक्त उसमें कोई नहीं था। घटना की सूचना देर रात तीन बजकर पांच मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। यह इमारत पंजाबी बस्ती की भीड़भाड़ वाली गली में थी और जब यह गिरी तब बहुत तेज आवाज हुई। चूंकि दिल्ली नगर निगम ने इमारत को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था, इसलिए इसे खाली करा दिया गया था। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान बगल की इमारत में फंसे 14 लोगों को दमकल कर्मियों ने बचा लिया। उधर दिल्ली पुलिस ने 22 लोगों को बचाने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार सूचना के बाद दो दमकल गाड़ियां, एनडीआरएफ की टीम, छह पीसीआर वैन, चार एम्बुलेंस और एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय पुलिस और सभी सिविक एजेंसियों ने योजनाबद्ध तरीके से तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। कुछ घायलों को बाड़ा हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया और बाद में छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने साफ किया कि इमारत ढहने के कारण पास की दो इमारतों के हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनमें रहने वाले लोग कुछ समय के लिए फंस गए थे। सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस घटना में संकरी गली में खड़े कई वाहन, जिनमें कुछ मोटरसाइकिलें और एक कार भी शामिल हैं, क्षतिग्रस्त पाए गए। ढहने वाली इमारत पहले से ही खाली थी और उसमें कोई नहीं रहता था। स्थानीय पुलिस द्वारा इमारत की जर्जर स्थिति के बारे में एमसीडी को पहले ही सूचना दे दी गई थी।

# आईएसआई एजेंटों को सिमकार्ड मुहैया करवाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ स्पेशल सेल ने जासूसी मॉड्यूल का किया पर्दाफाश

स्पेशल सेल की पूर्वी रेंज ने जासूसी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पाकिस्तानी आईएसआई एजेंटों को भारतीय सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। भारत में अवैध रूप से खरीदे गए सिम कार्ड, जासूसी के उद्देश्यों के लिए पाकिस्तान से व्हाट्सएप पर इस्तेमाल किए जाते पाए गए थे।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार पाकिस्तान में आईएसआई एजेंटों द्वारा भारतीय मोबाइल नंबरों के दुरुपयोग के बारे में गुप्त स्रोतों से इनपुट मिला था। इसके बाद एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में इंस्पेक्टर राहुल कुमार और विनीत कुमार तेवतिया की टीम बनाई गई थी। 28 अगस्त को विशेष सूचना मिली कि आईएसआई संचालकों से जुड़ा एक व्यक्ति विजय ब्लॉक, लक्ष्मी नगर में मौजूद है। कार्रवाई करते हुए टीम ने संदिग्ध को पकड़ लिया। इसकी पहचान प्रभात कुमार चौरसिया (43) पुत्र विश्वनाथ प्रसाद, निवासी बीरगंज, नेपाल के रूप में हुई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने आधार कार्ड का उपयोग करके 16 सिम कार्ड (एयरटेल और जियो) खरीदे थे और नेपाल भेजे थे। जिनमें से 11 सिम कार्ड आईएसआई के गुर्गों द्वारा लाहौर, बहावलपुर और पाकिस्तान के अन्य हिस्सों से व्हाट्सएप पर संचालित किए जा रहे थे। जांच से पता चला है कि आरोपी 2024 में एक नेपाली मध्यस्थ के माध्यम से आईएसआई एजेंटों के संपर्क में आया था। उसे अमेरिकी वीजा और विदेश में पत्रकारिता के अवसर दिलाने का लालच दिया गया। बदले में उसे भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध कराने और डीआरडीओ व सैन्य प्रतिष्ठानों से संबंधित जानकारी एकत्र करने का काम सौंपा गया। लातूर, महाराष्ट्र में पंजीकृत अपने आधार कार्ड का उपयोग करके उसने बिहार और महाराष्ट्र के दूरसंचार स्टोरों से सिम कार्ड खरीदे। प्रभात कुमार चौरसिया का जन्म 1982 में नेपाल में एक साधारण परिवार में हुआ था। इसने नेपाल में मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की और बिहार के मोतिहारी में इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की डिग्री ली। इसके साथ-साथ कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। पेशेवर रूप से इसने पुणे, लातूर, सोलापुर और दिल्ली में फार्मास्युटिकल क्षेत्र में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव और एरिया सेल्स मैनेजर के रूप में काम किया। 2017 में उसने काठमांडू, नेपाल में नियो टर्मिनल एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की, जो भारी वित्तीय घाटे के कारण बंद हो गई। इसके सहयोगियों का पता लगाने, कूरियर नेटवर्क की पहचान करने और इस जासूसी मॉड्यूल को अंजाम देने वाले विदेशी संचालकों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

## सचिवालय और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सचिवालय, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया।


दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार धमकी से संबंधित एक अलग कॉल भी मिली, जिसके बाद एहतियातन कई दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि एक ईमेल के माध्यम से एमएएमसी, सचिवालय और यूसीएमएस में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी मध्य जिला निधि वल्सन ने कहा कि सचिवालय में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य), एसीपी कमला मार्केट और एसएचओ आईपी एस्टेट थाना सहित वरिष्ठ अधिकारी तलाशी अभियान की निगरानी में जुट गये थे। जबकि एमएएमसी में यह अभियान आईपी एस्टेट थाने के अतिरिक्त यातायात पुलिस के अधिकारी की निगरानी में किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। डीसीपी ने बताया कि साइबर थाना की एक टीम ईमेल के स्रोत और इसकी प्रामाणिकता की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह संदेश पिछले कुछ फर्जी धमकी भरे ईमेल से मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलते हैं कि यह ईमेल संभवतः किसी अन्य राज्य के स्थान से भेजा गया हो, लेकिन हम इसे पूरी गंभीरता से ले रहे हैं और सभी एसओपी का पालन किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), यातायात पुलिस और स्पेशल सेल को भी सूचना दी गई। सूत्रों ने बताया कि खोजी कुत्ते और तकनीकी टीम पूरे परिसर की जांच में घंटों जुटी रही। इस दौरान प्रवेश और निकास द्वारों को बंद कर दिया गया था। जांच के दौरान आवाजाही सीमित कर दी गई थी। यूसीएमएस की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया कि कॉलेज को दोपहर में बम विस्फोट की धमकी से संबंधित ईमेल प्राप्त हुआ है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गई। छात्रों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया कि वे कॉलेज भवन खाली कर दें।

### पिज्जा आउटलेट में एसी का कंप्रेसर फटने से पांच लोग घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार स्थित एक पिज्जा आउटलेट में एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फटने से पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों में पिज्जा आउटलेट के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कंप्रेसर फटने के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार रात को पिज्जा हट आउटलेट में हुई, जहां कंप्रेसर में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में आउटलेट के तीन कर्मचारियों समेत पांच लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन विभाग की तरफ से बताया कि सोमवार रात 8.55 बजे सी-ब्लॉक स्थित एक इमारत से विस्फोट की सूचना मिली थी। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# लिफ्ट बेस में करंट लगने से मजदूर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी जिले के अमन विहार इलाके में लिफ्ट बेस में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। शव को मोर्चरी भिजवा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। मृतक युवक का नाम इमरान बताया गया है। वह लिफ्ट बेस में पानी रिसाव की जांच करने के लिये प्लास्टर उतार रहा था। उसके साथ एक अन्य मजदूर भी था उसे भी करंट लगा लेकिन वह बच गया।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को दोपहर लगभग 12:54 बजे अमन विहार थाने को इस संबंध में कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि लिफ्ट में दो लोग फंसे थे। एक को बाहर निकाल लिया गया है पर दूसरे की करंट लगने से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत पॉकेट-1, सेक्टर-21, रोहिणी स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक व्यक्ति लिफ्ट बेस के अंदर बेहोश पड़ा मिला। वहां पर पानी जमा था। जांच में पता चला कि लगातार रिसाव के कारण लिफ्ट बेस में पानी जमा हो रहा था। इमारत के निवासियों ने इमरान नामक (ठेकेदार) को बुलाया था, जिसने लीकेज की जांच के लिए विक्की और इमरान नामक दो मजदूरों को लिफ्ट बेस में घुसाया। दोनों ने रिसाव बिंदु की पहचान करने के लिए दीवार से प्लास्टर हटाना शुरू किया। काम के दौरान इमरान नामक मजदूर को अचानक बिजली का झटका लगा और वह कांपने लगा। जब सहकर्मी विक्की ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसे भी बिजली का झटका लगा, लेकिन वह किसी तरह बच निकला। हालांकि, इमरान अंदर ही फंसा रहा और बिजली का झटका लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। निरीक्षण और जांच के लिए क्राइम टीम और एफएसएल टीमों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। केस दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### नाबालिग लड़के ने दोस्त की मदद से अपने ही घर से गहने चुराए

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के बिंदापुर इलाके में एक किशोर को उसके 22 वर्षीय दोस्त के साथ अपने ही घर से आभूषण चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक बयान में कहा कि चोरी किए गए सभी गहने बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को बिंदापुर पुलिस थाने में दर्ज एक शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात व्यक्तियों ने एक घर से आभूषण चुरा लिए हैं। अधिकारी ने कहा कि चोरी के मामले को सुलझाने के लिए एक टीम गठित की गई थी। जांचकर्ताओं ने घटनास्थल का दौरा किया और घर व आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन किसी के जबरन घुसने या किसी बाहरी व्यक्ति के परिसर में घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि इससे पुलिस को किसी करीबी व्यक्ति की संलिप्तता का संदेह हुआ। लड़के के पिता को बुलाया गया और पूछताछ के दौरान किशोर ने कबूल किया कि उसने अपने एक दोस्त की मदद से उनके घर से आभूषण चुराए थे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **भारत, पुत्रः** काशी राम, **पताः** मकान न. 8, रिठाला गांव, दिल्ली, **और भीः** खसरा न. 589, रिठाला गांव, बुद्ध विहार, रोहिणी, दिल्ली, **और भीः** मकान न.–सी–211, फेस–1, बुद्ध विहार, दिल्ली, ने **Case FIR No. 571/2021, U/s 379/411 IPC, थानाः** नार्थ रोहिणी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **भारत,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **भारत,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 571/2021, U/s 379/411 IPC, थानाः** नार्थ रोहिणी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **भारत,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल, एल.डी.**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर–पश्चिम, कमरा न. 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/12007/RD/2025
(Court Matter)

## दो पक्षों में चाकूबाजी, दो लोगों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नरेला औद्योगिक क्षेत्र की घटना

बवाना इलाके की जेजे कॉलोनी में सोमवार देर रात हुई दो पक्षों के बीच चाकूबाजी की घटना में तीन लोग घायल हो गये। सभी को पहले महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूठ खुर्द ले जाया गया था, लेकिन बाद में उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया। इलाज के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया। तीसरे का इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात लगभग 9:30 बजे सब्जी मंडी स्कूल, ए ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास दो पक्षों के बीच चाकूबाजी की घटना सामने आई। एक पक्ष मोहम्मद रहीमुल (19) पुत्र शेख शाहिदुल और उसके नाबालिग भाई व दूसरा पक्ष मोहम्मद इमरान (18) और अब्दुल्ला का था। सभी बवाना के ही रहने वाले हैं। अब्दुल्ला और दूसरे पक्ष के नाबालिग के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ, जो आगे चलकर चाकूबाजी में बदल गया। इस घटना में अब्दुल्ला, मोहम्मद रहीमुल और मोहम्मद इमरान घायल हुये। सभी को पहले महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूठ खुर्द, दिल्ली ले जाया गया और बाद में आगे की देखभाल के लिए उच्चतर केंद्रों में रेफर कर दिया गया। तीनों को डॉक्टरों ने बयान के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था जहां बाद में घायल रहीमुल और इमरान की मौत हो गई। तथ्यों और चिकित्सा राय के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा में झगड़े के बाद युवक पर हमला, तीन लोग अरेस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान हुए झगड़े के बाद 28 वर्षीय एक युवक पर कथित रूप से चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अमित (40), विकास उर्फ विक्कू (27) और वरुण (19) को सात सितंबर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब 12 बजे त्रिलोकपुरी में काली माता मंदिर के पास उस समय हुई, जब आरोपियों ने कपिल नाम के युवक को घर लौटते समय घेर लिया। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अभिषेक धानिया ने बताया, "अमित के उकसावे पर अन्य दो आरोपियों ने कपिल को रोका। इसके बाद वरुण ने कपिल पर चाकू से कई वार किए, जिससे उसके पेट, जांघ, पैर और बांह पर गंभीर चोटें आईं।" उन्होंने बताया कि कपिल किसी तरह बचकर त्रिलोकपुरी में अपनी बहन के घर पहुंचा, जहां से उसके दोस्त उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए। अधिकारी ने बताया कि बाद में कपिल को एम्स ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि चाकू से हमला करने की यह घटना छह सितंबर को गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान हुए विवाद का नतीजा थी। पुलिस के मुताबिक, झगड़े के बाद आरोपियों ने कपिल पर हमला करने की साजिश रची। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर मयूर विहार थाने में एक मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तकनीकी निगरानी शुरू की और संदिग्धों तक पहुंचने के लिए खुफिया जानकारी का सहारा लिया। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम तक तीनों आरोपियों को 'स्टार सिटी मॉल' के पास डीडीए पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूछताछ के दौरान हमले में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, सफाई कर्मचारी अमित पहले भी हत्या के एक मामले में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि विकास पांच अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है जबकि बेरोजगार वरुण पर भी हत्या का एक मामला दर्ज है।

### एएसआई रिश्वत लेता रंगे हाथ दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की सतर्कता इकाई (विजिलेंस यूनिट) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हौज काजी थाने में तैनात एएसआई राकेश कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। हौज काजी के सीताराम बाजार निवासी शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एएसआई राकेश उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। 9 सितंबर को शिकायतकर्ता ने सतर्कता शाखा से संपर्क कर लिखित शिकायत दी। इसके बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता पूर्व-निर्धारित योजना के तहत 12:30 बजे हौज काजी थाने पहुंचा। कुछ देर बाद वह और आरोपी एएसआई थाने से बाहर आए। जैसे ही शिकायतकर्ता ने इशारा किया विजिलेंस टीम ने आरोपी पुलिसकर्मी को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन एएसआई ने खुद को घिरता देख रिश्वत के 15 हजार रुपये हवा में उछाल दिए। इलाके में भीड़भाड़ होने के कारण पांच हजार रुपये राहगीरों ने उठा लिए। वहीं विजिलेंस टीम ने मौके से 10 हजार रुपये बरामद कर लिए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पी.के. मलिक पुत्र** पी.सी. मलिक **निवासी** मकान नं0 डी–1/33, अंबेडकर कॉलोनी, छतरपुर पहाड़ी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 184/2013, U/S 420/468/34 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पी.के. मलिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पी.के. मलिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 184/2013, U/S 420/468/34 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पी.के. मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दक्षिण–पूर्व जिला,**
**कोर्ट नं0–315, दक्षिण पूर्व साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/11960/SW/2025
(Court Matter)

## दिल्ली-सहारनपुर मार्ग निर्माण के चलते डीटीसी ने किया कई रूटों के परिचालन में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक जरूरी जानकारी दी है। डीटीसी के जनसंपर्क विभाग के प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग के दिल्ली हिस्से में (अक्षरधाम जंक्शन से दिल्ली/यूपी सीमा तक) आर्थिक गलियारा परियोजना चरण-1 भारतमाला परियोजना का कार्य चल रहा है। जिसके दिल्ली हिस्से में अक्षरधाम जंक्शन से दिल्ली यूपी सीमा तक आर्थिक गलियारा परियोजना चरण-1 भारतमाला परियोजना के अंतर्गत ई.पी. मोड पर 6-लेन एक्सेस नियंत्रित राजमार्ग का निर्माण हो रहा है। जिसके चलते 8 सितंबर 2025 से अगले आदेश तक कई बस रूटों का संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए डीटीसी द्वारा अस्थायी रूप से मार्ग में बदलाव किया गया है। प्रवक्ता के अनुसार जिन बसों का संचालन भजनपुरा की ओर से (एक दिशा में) होता है, वे सभी प्रभावित रहेंगी। इनमें रूट संख्या 121, 165, 165 ए, 212, 229, 234, 235, 248, 259, 261, 333, 971, 971 ए, ओएमएस (-), 0261 और ओओएमएस (-) शामिल हैं। इन सभी बसों को अस्थायी तौर पर खजूरी फ्लाईओवर के ऊपर से परिवर्तित मार्ग पर चलाया जाएगा, जिससे यात्रियों को वैकल्पिक सुविधा मिल सके और यात्रियों को ज्यादा परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जबकि इसी प्रकार, दूसरी दिशा में सीमापुरी ब्रिज से भजनपुरा की तरफ जाने वाली बसों को भी वैकल्पिक रूट से होकर गुजारा जा रहा है। इसके तहत रूट संख्या 208 ए , 210, 227 ए, 253, 973, वाईएमएस (-), डी-019 और डी-029 की बसों को खजूरी फ्लाईओवर से होकर ले जाया जाएगा।

### दूसरे दिन भी मौसम रहा गर्म, बिजली की मांग में दो दिन में एक हजार मेगावाट की बढ़त दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार तीसरे दिन सूरज के तेवर गर्म रहने के चलते मौसम शुष्क बना रहा। हालांकि बीच बीच में आसमान पर बादलों ने अपनी मौजूदगी दर्ज जरूर कराई लेकिन बिन बरसे ही आगे निकल गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की थी जो सही साबित हुई। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर ने ताजा अनुमान जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि दिल्ली-एनसीआर में 8 और 9 सितंबर को मौसम शुष्क रहा। जबकि बेस वेधशाला सफदरजंग पर लगातार चौथे दिन मंगलवार को कोई बारिश दर्ज नहीं हुई। बादल न होने और धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई। सफदरजंग पर अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। यह पिछले 20 दिनों में सबसे अधिक था। इससे पहले 20 अगस्त को अधिकतम 36.2 डिग्री दर्ज हुआ था, सितंबर 2025 में पहली बार 35 के पार गया। अगले चार दिनों तक यही रुझान जारी रहने के आसार हैं। स्काईमेट का कहना है कि अभी दिल्ली क्षेत्र के पास कोई महत्वपूर्ण मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। दक्षिण पाकिस्तान पर कमजोर हुआ डिप्रेशन और उससे जुड़ा मानसून ट्रफ दिल्ली से काफी दक्षिण की ओर खिसक चुका है, जिससे यहां बारिश की संभावना नहीं के बराबर है। जबकि बंगाल की खाड़ी पर बना साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय हिस्सों में चला गया है और वहीं सक्रिय रहेगा। इसके और आगे भीतर घुसने की संभावना कम है। कंपनी का अनुमान है कि कल और आज दिल्ली का नीला साफ आसमान इस बात का संकेत दे रहा है कि मानसून की विदाई प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। आमतौर पर दिल्ली से मानसून 25 सितंबर के आसपास विदा होता है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–कोटेशन आमन्त्रित की जाती है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | कोटेशन खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल इंजीनियर/उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के अधीन वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य/उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल के अनुभाग में उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल में सोफा/कुशन कुर्सी की मरम्मत। | रु 495600/- | रु 9900/- | 01 माह | 19.09.2025 |

सूचनाः कोटेशन रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 19.09.2025 15.00 बजे तक ही भरी जाएगी।
सं. 128-W-269-कोटेशन-05-NRCH-25-26 दिनांकः 08.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2720/25

## दिल्ली के लोक निर्माण विभाग ने की एक व्यापक योजना की घोषणा

# 'सीआरआईएफ फंड से सड़कों का होगा सौंदर्यीकरण, बनेंगे कई नए फ्लाईओवर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) 2025–26 के तहत सड़कों के सौंदर्यीकरण को लेकर एक व्यापक योजना की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने सीआरआईएफ योजना के तहत पीडब्ल्यूडी को दिल्ली की करीब 140 से अधिक सड़क व फ्लाईओवरों का सौंदर्यीकरण करने के लिए कुल 803.39 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत सड़क सुदृढ़ीकरण, पुनरुत्थान (resurfacing), चौड़ीकरण, नए कॉरिडोर का निर्माण और फ्लाईओवरों का विकास शामिल है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को दी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि इस योजना में दिल्ली के हर जिले को कवर किया जाएगा। सड़कों के बनाने में कोल्ड मिलिंग और रीसाइक्लिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे सड़कों की आयु बढ़ेगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह विकसित दिल्ली बनाने के हमारे संकल्प में एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और नितिन गडकरी व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के गतिशील विजन के अंतर्गत, दिल्ली इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी आधुनिक शहर की धमनियां होती हैं, और इन महत्वपूर्ण मार्गों को मजबूत कर हम करोड़ों दैनिक यात्रियों के लिए सुरक्षा, गति और स्थायित्व सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में केवल सड़क मरम्मत तक सीमित नहीं है, यह विश्वस्तरीय शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने का प्रयास है, जो हर दिल्लीवासी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने सख्त निगरानी, समय-सीमा का पालन और



पारदर्शिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। निर्माण कार्य के दौरान यातायात में न्यूनतम बाधा पहुंचाने के भी पूरे प्रयास किए जाएंगे। यह सीआरआईएफ कार्यक्रम दिल्ली की सड़कों के आधुनिकीकरण की दिशा में हाल के वर्षों का सबसे बड़ा समन्वित प्रयास है। यह राजधानी को तेजी से बढ़ते शहरीकरण और गतिशील यातायात की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार करेगा। इन परियोजनाओं के साथ दिल्ली का सड़क नेटवर्क और भी सुरक्षित, तेज़ और भरोसेमंद बनेगा, जो विकसित दिल्ली के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक ठोस आधारशिला रखेगा।

### सीआरआईएफ के अंतर्गत स्वीकृत प्रमुख परियोजनाएं

सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत केंद्रीय, उत्तर, पूर्व, उत्तर-पूर्व, शाहदरा और उत्तर-पश्चिम जिलों की प्रमुख सड़कें शामिली हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर-पूर्वी दिल्ली में आईएसबीटी कश्मीरी गेट से वजीराबाद रोड का उन्नयन किया जाएगा वहीं लोनी गोल चक्कर से दिल्ली बॉर्डर तक आर्टेरियल रोड का सुधार होगा और रोड नं. 63 और गोकुलपुरी मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। शाहदरा जिला में आली विहार से लाल कुआं तक सड़क ठीक की जाएगी। वहीं विवेक विहार–जीटी रोड कनेक्टर का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही शाहदरा अस्पताल मार्ग और सहायक सड़कों का विकास किया जाएगा। वहीं पूर्वी दिल्ली में विकास मार्ग (आईटीओ से डी-93 तक) का पुनर्वास किया जाएगा। इसके अलावाएम.पी. रोड नं. 108 और कोंडली ब्रिज कॉरिडोर का कोल्ड मिलिंग एवं रीसाइक्लिंग होगी और नोएडा लिंक रोड का चौड़ीकरण और बाईपास का विकास किया जाएगा। केंद्रीय व नई दिल्ली में आईटीओ लूप और फिरोजशाह रोड का अपग्रेडेशन किया जाएगा। वहीं आईपी कॉलेज व मॉल रोड के आसपास सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और रोहतक रोड (मिलिट्री रोड–झांसी रोड) पर फ्लाईओवर परियोजना पूरी की जाएगी। दक्षिण व दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली की बात करें तो यहां के आली विहार से सरिता विहार गांव तक नए मार्ग का निर्माण के साथ प्रेस एन्क्लेव रोड और निजामुद्दीन–कालकाजी मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं पश्चिम व दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में आउटर रिंग रोड (विकास पुरी–नजफगढ़ ड्रेन) का सुदृढ़ीकरण व फ्लाईओवर निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा अशोका रोड से लक्ष्मी विहार एक्सटेंशन कॉरिडोर बनेगा। द्वारका अप्रोच रोड का पुनर्वास और राजौरी गार्डन–टैगोर गार्डन मार्ग पर एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

# 'हरिश्चंद्र अस्पताल में दवाइयों का टोटा'

**मरीजों को जन औषधि केंद्र से खरीदनी पड़ रही दवाइयां**

दया राम ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में इन दिनों मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी दवाइयों की किल्लत से झेलनी पड़ रही है। अस्पताल की डिस्पेंसरी में कुछ जरूरी दवाइयां न मिलने के कारण मरीजों को अस्पताल परिसर में बने 'जन औषधि केंद्र' से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। गरीब और वंचित तबके से आने वाले मरीजों का कहना है कि उनके पास दवा खरीदने के भी पैसे नहीं होते। यदि उनके पास पैसे होते तो वे सरकारी अस्पताल में क्यों आते? लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। बता दें कि यहां अस्पताल में जगह जगह 'जन औषधि केंद्र' का तो जमकर प्रचार हो रहा है लेकिन दवा नहीं होने की स्थिति में अस्पताल के किस कक्ष में संपर्क करें या फिर केजरीवाल सरकार की तरह किस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें, की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, इस संबंध में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जो भी दवाइयों की कमी है, उसके लिए हमने अपने उच्च अधिकारियों को लिख दिया है।

अस्पताल पहुंचे एक किशोर लड़के ने बताया कि डॉक्टर ने दवा लिखी, लेकिन अस्पताल के अंदर की खिड़की पर दवा नहीं मिली और बाहर जन औषधि केंद्र भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि मम्मी ने कहा था कि सरकारी अस्पताल है और सभी दवाईयां मुफ्त मिलती हैं लेकिन यह नहीं पता था कि सारी दवा मिलती है या नहीं। इसके अलावा कई अन्य मरीजों को भी यहां अस्पताल में ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। देखा गया कि यहां 'जन औषधि केंद्र' पर हर परामर्श पर्चे में एक से लेकर तीन दवाईयां बाहर से ही लेनी पड़ रही थी। इसी तरह कुछ महिला मरीजों ने बताया कि हम जैसे लोग सरकारी अस्पताल इसलिए आते हैं ताकि मुफ्त इलाज और दवा मिल सके। लेकिन यहां भी दवाइयां खरीदने को कहा जाता है। यह हमारे साथ अन्याय है।

**डीयू में एबीवीपी ने आयोजित की 'छात्र गर्जना' रैली**

## जल्द से जल्द किया जाए छात्रों की समस्याओं का समाधान : एबीवीपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एबीवीपी के नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी एवं दक्षिणी परिसर में "छात्र गर्जना" रैली आयोजित की गई। एबीवीपी नेताओं ने बताया कि रैली का प्रमुख उद्देश्य विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने छात्रों की समस्याओं को एकजुट होकर उठाना था। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में एबीवीपी को छात्रों का अच्छा जनसमर्थन मिला है। विद्यार्थी परिषद छात्रहितों की लड़ाई कैंपस में 365 दिन लड़ती है, उसी का परिणाम है कि आज फिर से छात्रों ने अपना बहुमूल्य साथ एबीवीपी को दिया। हमने डीयू प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जाए। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि छात्र गर्जना रैली छात्रों की एकीकृत आवाज़ के रूप में विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के साथ खड़ी है, दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से बड़ी संख्या में छात्रों ने रैली में भाग लिया व प्रशासन के समक्ष अपनी चुनौतियां रखी। भारत के प्रतिष्ठित संस्थान होने के बावजूद डीयू में बुनियादी ढ़ांचे की कमी, छात्राओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ, शुद्ध पेयजल जैसी समस्याओं से छात्रों को झूझना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन को इन सभी मांगों पर तुरंत कार्रवाई करनी होगी एवं छात्रों के समग्र विकास के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे। एबीवीपी जब तक छात्रों की सभी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक छात्रहितों की लड़ाई लड़ेगी। इस विशाल रैली में डीयू में पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं पुरजोर तरीके से रखी।

## बाढ़ प्रभावितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही हैं आतिशी : सचदेवा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना एवं अन्य आप नेता किसानों के साधारण बाढ़ प्रभावितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को आप नेताओं पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि 10 साल तक सत्ता में रहने के दौरान इन्हीं आप नेताओं ने 2015, 2016 एवं 2023, 2024 में कुदरत की मार से पीड़ित दिल्ली के किसानों को खुद कोई सहायता देना तो दूर केन्द्र की सहायता भी बाधित की। सचदेवा ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित लोगों के कैंपों में सुविधाओं के साथ ही दिल्ली के किसानों को मुआवजे को लेकर आम आदमी पार्टी नेताओं खासकर नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना की शर्मनाक बयानबाजी की कड़ी भर्त्सना की है। सचदेवा ने कहा है कि बेहतर होगा कि दिल्ली के बाढ़ प्रभावितों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने की जगह आप नेता पंजाब के बर्बाद हुए किसान एवं गरीब की चिंता करें।

# मुनक नहर हादसाः मृतक बच्चों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की सहायता देगी दिल्ली सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मुख्यमंत्री ने मुनक नहर हादसे में दिवंगत हुए दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर व्यक्त की गहरी संवेदना

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शालीमार बाग स्थित हैदरपुर क्षेत्र में मुनक नहर हादसे में दिवंगत हुए दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और मुख्यमंत्री ने इस दौरान दिल्ली सरकार की ओर से मृतक बच्चों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्थिक सहायता की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर प्रभावित परिवारों तक जल्द से जल्द राशि पहुंचाई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिजनों को ढांढस बधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में सरकार उनके साथ है। वहींमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए नहरों और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मुनक नहर के आसपास के इलाके को सुरक्षित बनाने के प्रयास शुरू हो गए हैं। मुनक नहर के रखरखाव की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार के पास है। हम हरियाणा सरकार से बात कर रहे हैं ताकि रखरखाव का जिम्मा हमारे पास आ जाए।

उसके बाद मुनक नहर के दोनों ओर रेलिंग लगाई जाएगी, ताकि लोग सुरक्षित रहें और नहर भी निर्बाध बहती रहे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में शालीमार बाग स्थित मुनक नहर में रविवार शाम नहाने गए दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी।

# आवारा कुत्तों के लिए बनेगा फीडिंग पॉइंट : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए फीडिंग पॉइंट बनाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक वार्ड में स्थानीय निगम पार्षद की सहमति से तीन-चार स्थानों को चिन्हित कर वहां आवारा कुत्तों के लिए फीडिंग पॉइंट बनाए जाएं। साथ ही, इन फीडिंग पॉइंट्स की देखरेख एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गए हैं। शर्मा ने कहा कि दिल्ली में आवारा



कुत्तों की बढ़ती संख्या एवं कुत्तों के काटने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं त्वरित कार्यवाही के निर्देश

स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि कई बार यह देखने में आता है कि लोग सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खिलाते हैं, जिससे झुंडबंदी होती है और अन्य कुत्तों के साथ विवाद की स्थिति बनती है। ऐसे में दुर्घटनाओं एवं काटने की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी इस मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

### स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कदम उठा रहा निगम

स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि निगम इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कदम उठा रहा है और निर्धारित समयावधि में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्थायी समिति अध्यक्ष ने सभी पार्षदों, स्थानीय निवासियों एवं स्वयंसेवी संगठनों से भी इस कार्य में सहयोग की अपील की।

### टीकाकरण प्रक्रिया को किया जा रहा और तेज़

अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम इस समस्या के समाधान के लिए विशेष प्रयास कर रही है। निगम के एबीसी सेंटरों में नसबंदी (स्टरलाइजेशन) एवं टीकाकरण प्रक्रिया को और तेज़ एवं सघन किया जा रहा है ताकि आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित हो और बीमारियों की रोकथाम हो सके। इस समस्या के समाधान के लिए एक उपसमिति पहले से ही बनाई गई है, जो लगातार सुझावों पर काम कर रही है।

## यमुनापार में कांग्रेस की वोटर अधिकार रैली आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की वोटर अधिकार रैली यमुनापार में आज बुधवार को निकलेगी। रैली को लेकर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए पत्रकारों से कहा कि मुस्तफाबाद विधानसभा में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत की जाएगी। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा बिहार में निकाली वोटर अधिकार यात्रा की सफलता के बाद भाजपा और चुनाव आयोग के वोट चोरी के षड्यंत्र को दिल्ली में घर-घर तक पहुँचाकर जागरूक किया जाएगा। यादव ने कहा कि सत्तापक्ष चाहे कुछ कर ले राहुल गांधी की आवाज दबा नहीं पाएगा। क्योंकि पूरे देश की जनता आज राहुल गांधी के साथ खड़ी है। करने यादव ने कहा मैं दिल्ली की जनता से अपील करता हू कि वह अपने वोट की रक्षा के लिए कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के साथ जुड़कर राहुल गांधी की देश की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा की लड़ाई में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, कांग्रेस सचिव सुशांत मिश्रा और अन्य मौजूद थे। यादव ने पत्रकारों से कहा कि वोटर अधिकार यात्रा की सफलता के बाद राहुल ने वोटर अधिकार यात्रा में वोट चोरी की विस्तारपूर्वक चर्चा करके देश के सामने मौजूदा भाजपा सरकार की वोट चोरी की साजिश को देश के सामने उजागर किया है।

**सीएम की अध्यक्षता में डीएम, एसडीएम, सब-रजिस्ट्रार के साथ की गई समीक्षा बैठक**

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अफसरों को सम्मानित करेगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मुख्यमंत्री ने की राजस्व अधिकारियों की सराहना, बताया सरकार की इमेज

दिल्ली सरकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करेगी। इस बात की घोषणा मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजस्व विभाग के डीएम, एसडीएम, सब रजिस्ट्रार आदि अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि दिल्ली सरकार प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम की शुरुआत करेगी। इसके तहत हर साल उन अधिकारियों और विभागों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। इनमें बेस्ट इंजीनियर, बेस्ट विभाग, बेस्ट एसडीएम और बेस्ट डीएम जैसी श्रेणियों में चयन किया जाएगा, ताकि अच्छा काम करने वालों को पहचान और प्रेरणा मिल सके। वहीं बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आपको ईमानदारी, जनहित व पारदर्शिता से काम करना चाहिए, क्योंकि आपकी इमेज के साथ ही सरकार की इमेज भी तय होती है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि आपने कांवड़ यात्रा व बाढ़ के दौरान उल्लेखनीय काम कर उदाहरण पेश किए हैं। उम्मीद है कि इस तरह के कार्य आगे भी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इन उच्च अधिकारियों से यह भी कहा कि आपके सही निर्णय के साथ वह आपके साथ हें। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव धर्मेंद्र, डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल व अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी दी और बताया राजधानी को सही मायनों में 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए तेज गति से मेहनत करनी होगी। इसके लिए आप लोगों के सहयोग से प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उन अधिकारियों की सराहना कि जिन्होंने राजधानी में बाढ़ जैसी आपात स्थिति को संभालने और कांवड़ यात्रा प्रबंधन में 24 घंटे समर्पण भाव से काम लिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में डिविजनल कमिश्नर सहित डीएम चैतन्य, अमोल श्रीवास्तव, जी. सुधाकर के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आप लोगों को रामलीला और दुर्गा पूजा जैसे आयोजनों में कांवड़ प्रबंधन की तरह ही सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश कि सभी आवश्यक अनुमतियां समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं और सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी के साथ देखभाल की जाए।



## दिल्ली में 7 आईएएस और 16 दानिक्स अधिकारी इधर से उधर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों में कार्यरत वरिष्ठ 7 आईएएस अधिकारी और 16 दानिक्स अधिकारियों के विभागों में मंगलवार को फेरबदल किया गया है। वर्ष 2003 बैच की आईएएस अधिकारी नंदिनी पालीवाल जो ट्रेड एंड टैक्स में कमिश्नर की जिम्मेदारी निभा रही थी, अब वह सेवा विभाग में भी सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगी। 2018 बैच के आईएएस अधिकारी शैलेंद्र सिंह परिहार विशेष सचिव के तौर पर की प्लानिंग डिपार्टमेंट में जिम्मेदारी देख रहे थे, अब उन्हें शाहदरा जिला का उपायुक्त बनाया गया है। इसी तरह, 2019 बैच की आईएएस अधिकारी ऋषिता गुप्ता शाहदरा उपायुक्त पद से मुक्त होकर एमसीडी में कार्यभार देखेंगी। वर्ष 2021 बैच की आईएएस अधिकारी आयुषी जो कंझावला में एसडीएम के पद पर तैनात थीं, अब उनका तबादला वसंत विहार कर दिया गया है। 2023 बैच की अनुजा त्रिवेदी जो अभी कार्यभार मिलने की प्रतीक्षा कर रही थी, उन्हें कापसहेड़ा का एसडीएम बनाया गया है। 2023 बैच के आईएएस अधिकारी जरद प्रतीक अनिल जिन्हें भी अभी तक कोई कार्यभार नहीं मिला था, इन्हें नरेला एसडीएम की जिम्मेदारी दी गई है। 2023 बैच के ही पीयूष कुमार को साकेत जिले का एसडीएम बनाया गया है। जबकि, 16 दानिक्स अधिकारियों की जिम्मेदारियां में भी फेरबदल किया गया है। 2014 बैच के दानिक्स अधिकारी कमलेश कुमार जो एमसीडी में तैनात थे, अब वह उत्तर पूर्वी जिले के एडीएम के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रेम सिंह मीणा जो जेल सुपरिटेंडेंट की जिम्मेदारी देख रहे थे, अब वह साउथ-वेस्ट जिले के एडीएम के तौर पर कार्यभार देखेंगे। आदित्य कुमार झा जो सेल टैक्स ऑफिसर के तौर पर जिम्मेदारी देख रहे थे उन्हें करोल बाग जिले का एसडीम बनाया गया है। इसी तरह अन्य अधिकारियों के भी तबादले किए गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना द्वारा जारी आदेश में वर्ष 1993 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशांत गोयल जो कमिश्नर (फाइनेंस) के तौर पर अभी तक कार्यभार देख रहे थे, अब उन्हें इसके अलावा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का भी अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। सुरबीर सिंह वर्ष 2004 बैच के आईएएस अधिकारी की जिम्मेदारी में भी बढ़ोतरी की गई है।

**खबर संक्षेप**

### पूर्णिमा पर श्रीमद्भागवत के 135 सेट वितरित



**गुरुग्राम।** भाद्र पूर्णिमा के अवसर पर इस्कॉन गुरु राधे श्यामानंद महाराज ने श्रीमद्भागवतम् के 135 सेट वितरित किए। उन्होंने स्वर्ण नगरी सहित ग्रेटर नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। वहीं भाद्र पूर्णिमा का पावन अवसर ग्रेटर नोएडा में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। वृंदावन से पधारे परम पूज्य राधे श्यामानंद महाराज का आशीर्वाद पाकर निवासी धन्य हो गए।

### मारपीट करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने मारपीट के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस व चार मोटरसाईकिल बरामद की हैं। आशीष ने पुलिस चौकी आईएमटी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका आईएमटी फरीदाबाद में एक खोखा है जहां पर मोबाइल रिपेयर व मनी ट्रांसफर का काम किया जाता है।

### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 54000 रु. की ठगी



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 54000 रुपए की ठगी के मामले में एक महिला सहित तीन को गिरफ्तार किया। साइबर थाना सेंट्रल में महिला ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों द्वारा उसे टेलिग्राम पर कुछ टास्क करने को दिये गये। पहले टास्क के बदले उसे 180 रुपए दिए गए और फिर उसे पैसे देकर टास्क करने के लिए दिया गया, जिसके लिए ठगों ने उससे 54000 रुपए ऐठ लिए। इस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

भूमि अधिग्रहण मामलों में एक समान नियम अपनाएं

## जेवर तक पाइप लाइन बिछाने का काम सुचारू रूप से जारी रखें जारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



उपायुक्त विक्रम सिंह ने ग्रामीणों और बीपीसीएल के अधिकारियों की संयुक्त रूप से बैठक ली। बैठक में उन्होंने जेवर तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए, जिसमें ग्रामीणों से विशेष सहयोग की अपील की।

बैठक में जमीनों के उचित मुआवजे को लेकर ग्रामीणों ने डीसी से कहा जिसके तहत उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी मामलों में एक समान नियम अपनाएं, ताकि किसानों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो। प्रशासन की प्राथमिकता किसानों को उचित और न्यायसंगत मुआवजा उपलब्ध कराना है। विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और नियमों के अनुसार ही कार्यवाही करें। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें।

अमिताभ बच्चन को सम्मान-चिन्ह एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया

## भारत विकास परिषद नारायण शाखा अमिताभ बच्चन से मिले

परिषद की टीम ने शो के होस्ट महानायक अमिताभ बच्चन को सम्मान-चिन्ह एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। बच्चन साहब ने सभी सदस्यों से आत्मीय संवाद किया तथा पूरे दल के साथ समूह छायाचित्र भी कराया। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि वे मंच से नीचे आकर स्वयं परिषद सदस्यों के साथ फोटो में शामिल हुए जिससे सभी सदस्य अत्यंत प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत विकास परिषद नारायण शाखा फरीदाबाद की टीम ने प्राइम फोकस स्टूडियो, गोरेगांव मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया, जहां 'कौन बनेगा करोड़पति' शो की शूटिंग संपन्न हुई।

परिषद की टीम ने शो के होस्ट महानायक अमिताभ बच्चन को सम्मान-चिन्ह एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। बच्चन साहब ने सभी सदस्यों से आत्मीय संवाद किया तथा पूरे दल के साथ समूह चित्र भी कराया। उल्लेखनीय यह रहा कि वे मंच से नीचे आकर स्वयं परिषद सदस्यों के साथ फोटो में शामिल हुए जिससे सभी सदस्य अत्यंत प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए।



यह विशेष एपिसोड 8 सितंबर सोमवार रात्रि 9 बजे टेलीविजन पर प्रसारित हुआ, जिसे पूरे गर्व और उल्लास के साथ भारत विकास परिषद की जिला टीम एवं शाखा सदस्यों ने देखा। कार्यक्रम में नारायण शाखा की टीम का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और शाखा को अनेकों शुभकामनाएं प्राप्त हुईं।

पूरे आयोजन में सभी सदस्य हर्षोल्लास एवं उत्साह से सहभागी रहे। अंत में शाखा अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने विशेष रूप से विकास बंसल का आभार व्यक्त किया। जिनके मार्गदर्शन और सतत समन्वय से यह कार्यक्रम भव्य एवं सफल रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जैसे जोकर डांस एवं नृत्य प्रस्तुतियों का सभी ने भरपूर आनंद उठाया।

शहरवासियों के सहयोग से जन आंदोलन बना स्वच्छता अभियान

## फरीदाबाद में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान ने पकड़ी रफ्तार, उपायुक्त कर रहे हैं स्वच्छता

हरियाणा शहर स्वच्छता महा अभियान के तहत मंगलवार को आमजन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए मार्केट एसोसिएशन आदि के सहयोग से फरीदाबाद के वार्ड नंबर 3 की राजीव गांधी कॉलोनी, सेक्टर 55, सेक्टर 24 सोहना रोड, प्रेस कॉलोनी, सेक्टर-56ए, सेक्टर 23 की जवाहर कालोनी, राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़, वार्ड नंबर 38, रामनगर बुस्टिंग स्टेशन, सेक्टर 11 पॉकेट-ए, नंगला गुजरान सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला फरीदाबाद में उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा 11 सप्ताह का हरियाणा शहर स्वच्छता महा अभियान रफ्तार पकड़ रहा है। हरियाणा शहर स्वच्छता महा अभियान के तहत मंगलवार को आमजन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए मार्केट एसोसिएशन आदि के सहयोग से फरीदाबाद के वार्ड नंबर 3 की राजीव गांधी कॉलोनी, सेक्टर 55, सेक्टर 24 सोहना रोड, प्रेस कॉलोनी, सेक्टर-56ए, सेक्टर 23 की जवाहर कालोनी, राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़, वार्ड नंबर 38, रामनगर बुस्टिंग स्टेशन, सेक्टर 11 पॉकेट-ए, नंगला गुजरान सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। शहरवासियों के सहयोग से हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान जन आंदोलन बन गया है। शहरवासी शहर के चप्पे.चप्पे की साफ-सफाई में कड़ी मेहनत और लग्न से जुटे हुए हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को लोगों का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है, जिससे फरीदाबाद शहर का हर कोना साफ-सुथरा होगा। उपायुक्त विक्रम सिंह स्वच्छता अभियान की स्वयं नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### अतिक्रमण हटवाने व पौधरोपण का किया जा रहा काम



उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में स्वच्छता अभियान के तहत फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाने की दिशा में फरीदाबाद के विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सफाई करते हुए आमजन को अपने घरों सहित अपने आस-पड़ोस के घरों के आसपास भी नियमित रूप से सफाई करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न विभागों की ओर से अतिक्रमण हटवाने, शौचालय मरम्मत, डिवाइडर मरम्मत, पौधारोपण करना, ग्रीन बेल्ट रिपेयर, गढ्ढो की मरम्मत, ऑवर फ्लो वाटर की समस्या का निवारण, सडक़ मरम्मत, पार्क की सफाई, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, मार्केट की सफाई, दीवार पेंटिंग आदि गतिविधियों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ -सफाई के प्रति जागरूक करना है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की निरंतर निगरानी

उपायुक्त डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिले में पिछले 24 घंटों में कोई नई वर्षा दर्ज नहीं हुई है, जिससे हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा किए गए त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों से 27 प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित गांवों में स्थिति पर नियंत्रण बनाया गया है। पशुधन एवं पोल्ट्री की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गयी है।
डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य तेजी से और प्रभावी ढंग से संचालित किए जा रहे हैं। अब तक 705 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। जिले में स्थापित 4 सक्रिय राहत शिविरों में वर्तमान में लगभग 250 लोग सुरक्षित और आवश्यक सुविधाओं के साथ ठहरे हुए हैं। प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ राज्य पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभाग लगातार फील्ड में सक्रिय हैं, जबकि आवश्यकतानुसार नौसेना, वायुसेना और अन्य केंद्रीय एजेंसियों से भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। प्रशासन की तत्परता और समन्वित प्रयासों से सभी प्रभावितों को सुरक्षित और संरक्षित रखने में सफलता मिल रही है।

नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई, कहा-

## शिकायतों के समाधान में न हो विलंब, अधिकारी बढ़ाएं निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को निगम अधिकारियों सहित संभव में जनसुनवाई की । जलकल तथा स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों पर विशेष रूप से तत्काल कार्यवाही कराई गई। निर्माण विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 6, उद्यान विभाग से 1, प्रकाश विभाग से 3, संपत्ति विभाग से 2, टैक्स विभाग से, जलकल विभाग से 5, तथा अन्य विभाग से 1 शिकायतें प्राप्त हुई।

संभव दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने तथा अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए विशेष रूप से नगर आयुक्त ने निर्देश दिए। , स्वास्थ्य विभाग की प्राप्त शिकायतों पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को सफाई व्यवस्था को ओर अधिक बेहतर करने के लिए कहा गया। साथ ही प्रातः निरीक्षण के क्रम में वार्डों की आंतरिक गलियों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## पूर्व मंत्री बलजीत कौशिक को साथ लेकर फरीदाबाद में कांग्रेस को करेंगे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा के पूर्वमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल ने कहा है कि कांग्रेस देश-प्रदेश में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए आमजन के हक-हकूक की आवाज को सडक़ से लेकर संसद तक बुलंद करने का काम कर रही है। समय आ गया है कि जब 12 सालों के लम्बे अंतराल के बाद हरियाणा के सभी जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है, ऐसे में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि सभी जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक के साथ कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करे। पूर्वमंत्री दलाल अपने आवास पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक के सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

20 देशों के 1,000 प्रतिभागी हुए शामिल

## एशिया के पहले कार्बन-न्यूट्रल कॉन्फ्रेंस में दिया शिक्षा से मजबूती और स्थिरता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यूनेस्को दिल्ली कार्यालय के डॉयरेक्टर और भारत, भूटान, श्रीलंका और मालदीव के प्रतिनिधि डॉ. टिम करटिस ने कहा कि शिक्षा सिर्फ हर व्यक्ति का मूल अधिकार नहीं है, बल्कि यह बेहतर भविष्य बनाने की ताकत भी है। उन्होंने यह बात अमृता विश्व विद्यापीठ में हुए इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल एंड रेजिलेंट फ्यूचर्स में कही। यह कार्यक्रम एशिया का पहला पूरी तरह से कार्बन-न्यूट्रल इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस था।

उद्घाटन समारोह में सरकारी शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। इनमें कर्नाटक के अतिरिक्त मुख्य सचिव और विकास आयुक्त उमा महादेवन दासगुप्ता आईएएस और नाबार्ड के चेयरमैन के. वी. शाजी शामिल थे। माता अमृतानंदमयी मठ के महासचिव स्वामी पूर्णामृतानंद पुरी ने समापन भाषण दिया। अमृता यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे, जिनमें डॉ. पी. अजीथ कुमार (रजिस्ट्रार), डॉ. मनीषा वी. रमेश (प्रोवोस्ट), डॉ. बिपिन जी. नायर (बायोटेक्नोलॉजी स्कूल के डीन) और डॉ. एम. रविशंकर (स्कूल फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर्स के प्रिंसिपल) शामिल रहे।

### 80 से ज्यादा एक्सपर्ट लेक्चर

यह कॉन्फ्रेंस अमृता स्कूल फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर्स, यूनेस्को चेयर ऑन एक्सपीरिएंशियल लर्निंग फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन एंड डेवलपमेंट और इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन एंड रेजिलिएंट फ्यूचर्स ने मिलकर आयोजित किया।चार दिन के कार्यक्रम में 20 से ज्यादा देशों से करीब 1,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 80 से ज्यादा एक्सपर्ट लेक्चर, हैकाथॉन, संगोष्ठी, वर्कशॉप्स और पेपर प्रेजेंटेशन हुए।

### सस्टेनेबिलिटी के लिए शिक्षा की अहमियत

डॉ. करटिस ने सस्टेनेबिलिटी के लिए शिक्षा की अहमियत पर जोर दिया। कहा, पार्टनरशिप फॉर ग्रीनिंग शिक्षा के जरिए 1,300 से ज्यादा गैर-सरकारी संगठन, निजी कंपनियां, शिक्षण संस्थान हर सिस्टम में हरित पाठ्यक्रम, शिक्षण व समुदाय को शामिल कर रहे हैं। स्थिरता सिर्फ एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि एक सिद्धांत है, जो आवश्यकताओं को भविष्य की पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाए पूरी करता है। यूनेस्को का लंबे समय से चल रहा 'मैन एंड द बायोस्फियर' प्रोग्राम इसी सोच के जरिए प्रकृति की सुरक्षा करता है।

20 साल से कर रहे हैं ठगी का धंधा

## नकली सोने की माला व आभूषणों को असली बताकर 10 लाख ठगे, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नकली सोने की माला व आभूषणों को असली बताकर सस्ते दामों में सोने की माला आभूषण का प्रलोभन देकर लोगों से रुपयों की ठगी करने वाले दम्पत्ति को थाना मुरादनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह दम्पत्ति इस तरह के अपराध पिछले 20 सालों से कर रहा है। उनके कब्जे से पीली धातु की मालाएं, 1.900 किलोग्राम पीली धातु, 10 हजार रुपए नकद बरामद किये गए हैं ।

डीसीपी एनएन तिवारी ने बताया कि आठ सितंबर को थाना मुरादनगर पर वादिया महिला ने पुलिस को सूचना दी कि एक महिला व एक पुरुष ने सस्ते में सोने की माला/आभूषण का प्रलोभन देकर उससे नकली सोना देकर 10



लाख रुपए की ठगी कर लेना गए। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल धारा 318(2)/303(3) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया । उन्होंने बताया कि मामले का अनावरण कर दिया गया। इसमें पुलिस ने जीवा व उसकी पत्नी जामा देवी निवासी शिवपुरम चांदना चौक थाना टीपी नगर मेरठ को गंगनहर के पास थाना मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सोनू उर्फ काला उर्फ कल्लू, पुत्रः** मोहम्मद हबीब, **पताः** ई–2635 जेजे कॉलोनी बवाना, दिल्ली **FIR No. 443/22; U/s: 420/411/384/ IPC, पुलिस थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ काला उर्फ कल्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ काला उर्फ कल्लू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ काला उर्फ कल्लू, FIR No. 443/22; U/s: 420/411/384/ IPC, पुलिस थानाः मोती नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंशुल सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11846/WD/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नांगलोई में दूर संचार एवं संकेत के स्टोर की बाउंड्री दीवार फर्श, रोड का कार्य व अन्य विविध कार्य करना। |
| अनुमानित लागत | ₹2.70 crore |
| धरोहर राशि | Rs. 284900.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधी | स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर। |
| रेलवे की वैब साईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 समय 11.30 वैब साईट से अपलोड कर सकते हैं। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 06.10.2025 को 11:30 तक |

संख्या : 413–एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक : 08.09.2025 2734/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

निगम कर्मचारी विधायक, मंत्रियों को सौंपेगें मांगों का ज्ञापन

## स्वच्छता अभियान के तहत 3 माह के लिए की जा रही भर्ती का करेंगे विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण मीटिंग नगर निगम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की। जबकि मीटिंग का संचालन सचिव महेंद्र कुड़िया ने किया।

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश के सभी मंत्रियों व विधायक को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसी कड़ी में कल 10 सितंबर को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतीश फागना के निवास पर जाकर मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। उसी दिन कर्मचारी 11 बजे हार्डवेयर चौक पर एकत्र होकर बड़खल विधानसभा के विधायक धनेश अदलखा के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे और फिर दोपहर 12 बजे कर्मचारी बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक पं. मूलंचद शर्मा के सेक्टर-8 निवास पर जाकर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे ।

### मंत्री विपुल गोयल ने दिया आश्वासन पूरा नहीं किया

यूनियन ने कहा उन्हें बताएंगे विगत 29 जून 2025 को रैली के माध्यम स्थानीय शहरी निकाय विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर-16 स्थित कार्यालय जाकर मुलाकात की और नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया था कि आपकी एक सप्ताह के अंदर चंडीगढ़ में सरकारी मीटिंग कराकर मांगों का समाधान करवाया जाएगा। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद सरकार द्वारा बातचीत के लिए किसी भी प्रकार का निमंत्रण यूनियन प्रतिमंडल को नहीं मिला। इससे नाराज सफाई कर्मचारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायकों को ज्ञापन सौंपेगें।

**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, (सिपेट) : आईपीटी, मुरथल**
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
50 वां माईल स्टोन, डीसीआरयूएसटी कैम्पस, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा 31039

सिपेट CIPET

AICTE APPROVED

**B. Tech ( Plastic Technology ) First Year & Lateral Entry Courses Affiliated with DCRUST** सत्र 2025–26 की रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। (As Per HSTES Guidelines )

ADMISSION OPEN

| कोर्स का नाम | प्रवेश योग्यता |
|---|---|
| B.Tech (Plastic Technology) First year Duration (4 Years) | Should be a pass in 10 + 2 examination with physics, Mathematics & chemistry as compulsory subjects, obtained at least 45% marks (40% in case of candidate belonging to reserved category) OR Passed Diploma (in Engineering & Technology) examination with at least 45% marks (40% in case of candidate belonging to reserved category) OR Passed D.Voc. Stream in the same or allied sector. OR Passed minimum 3 years Diploma Examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) subject to vacancies in the First Year, in case the vacancies at lateral entry are exhausted. |
| | **महत्वपूर्ण तिथियां** |
| | Walk-in/Dates of Direct Admission For Institute Wise (Open counseling): First come First Serve basis for filling up of remaining Vacant seats last date15.09.2025 Reporting Time: 10:00 AM-05:00 PM |
| B.Tech (Plastic Technology) (Lateral Entry) Duration (3 Years) | **प्रवेश योग्यता** |
| | a) Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology. OR b) Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10 + 2 examination with Mathematics as a subject. |
| | **महत्वपूर्ण तिथियां** |
| | Walk-in/Dates of Direct Admission for Institute Wise (Open counseling): First come First Serve basis for filling up of remaining Vacant seats last date 15.09.2025 Reporting Time 10:00 AM-05:00 PM |

1. दाखिले के लिए आरक्षण संबंधी नियम HSTES तथा DCRUST- MURTHAL के नियमानुसार होगा। जो कि Institute Level 1st & 2nd Counseling में ही लागू होगा।
2. छात्र एंव छात्राओं के लिए छात्रवास की सुविधा संस्थान में उपलब्ध है।
3. प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी एवं फार्म के लिए www.cipet.gov.in पर संर्पक करे।
4. प्रत्येक counseling के साथ अभ्यार्थी को अवश्यक दस्तावेजो के साथ रूपये 35,810/- जमा करना एवं counseling में शामिल होना अनिवार्य है।
5. इच्छुक अभ्यार्थी Application फार्म भरकर murthal@cipet.gov.in पर E-mail करें।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करे – 9466146015, 8950050008, 9896380485 ई-मेल murthal@cipet.gov.in

विज्ञापन क्रमांक : 2025-26/17 निदेशक एवं प्रमुख

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित** पुत्र रवि निवासी आर–139, रघुवीर नगर, सुभाष नगर, पश्चिम, दिल्ली, बालकृष्ण का मकान, ककरोला, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 428/15 धारा 392/411/34 भा.द.स. थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमित** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 428/15 धारा 392/411/34 भा.द.स. थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.11.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (दक्षिण–पश्चिम)
कोर्ट नं. 514,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/12024/DW/2025

## खबर संक्षेप

### रांची में बुलडोजर से सौ से अधिक झुग्गियां तोड़ी



**रांची** । यहां 100 से अधिक झुग्गियों पर बुलडोजर एक्शन का मामला सामने आया है। कम्युनिस्ट पार्टी ने इसका विरोध करते हुए रोष प्रकट किया है। भाकपा माले की रांची नगर कमेटी के सुहैल अंसारी ने इसे गलत कहा है। उन्होंने कहा रांची के हटिया में एचईसी की जमीन से अतिक्रमण हटाने के नाम पर 30-40 वर्षों से रह रहे लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाकर 100 से अधिक घरों को तोड़ना गलत है।

### मधेपुरा में 20000 की घूस लेते थानेदार गिरफ्तार



**मधेपुरा**। निगरानी की टीम ने मिठाई थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर मितेंन्द्र कुमार मंडल को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। निगरानी डीएसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिवादी विनोद कुमार मंडल ने एक केस में मदद के नाम पर थानाध्यक्ष के खिलाफ रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए परिवाद दर्ज कराया था। जिसके आधार पर थानाध्यक्ष को 20 हजार रिश्वत लेते काबू किया गया है।

### छात्र ने साथी को गोली मारकर की आत्महत्या



**ग्रेटर नोएडा**। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित हॉस्टल के कमरे से गोली चलने की आवाज व कराहने की सूचना सुरक्षा गार्ड ने सुनी। जानकारी मिलने पर वार्डन व पुलिस मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। वार्डन ने सीढ़ी के सहारे पीछे की तरफ से बालकनी में पहुंचकर शीशा तोड़ा और दरवाजा खोला। कमरे में दो छात्र खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे।

## महिलाओं पर होगा फोकस, पखवाड़ा 17 सितम्बर से प्रारंभ होगा

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर राज्यव्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाने जा रही योगी सरकार

यूपी में 17 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच राज्यव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर यह अभियान संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नारी स्वास्थ्य पर केंद्रित होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार 17 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच राज्यव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलायेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी जयंती तक प्रदेश भर में संचालित सेवा पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से यह अभियान संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के आम जनमानस को समर्पित होने के साथ ही नारी स्वास्थ्य पर केंद्रित होगा।

### चरणबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित होंगे



डिप्टी सीएम ने बताया कि इस अवधि में चरणबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित होंगे। इसमें प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की जायेगी। रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें भी उपलब्ध करायी जायेगी। सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों मेडिकल कॉलेजों और विशिष्ट चिकित्सालयों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर निरीक्षण एवं अनुश्रवण कराया जायेगा।

### स्वास्थ्य शिविरों में निजी क्षेत्रों की इकाइयां सक्रिय

उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रक्तदान अभियान के दौरान सभी चिकित्सालय भंडारण क्षमता के अनुरूप ही रक्त का संग्रहण कराए। रक्तदाताओं की संख्या अधिक होने पर उनका पंजीकरण कराकर भविष्य के लिए उनका विवरण सुरक्षित रख ले। स्वास्थ्य शिविरों में निजी क्षेत्रों की इकाइयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन हेतु स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज आदि विभागों से समन्वय स्थापित कर आशा, आंगनबाड़ी, एनम, सीएचओ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन उपलब्ध स्थानीय सांसदों, विधायकों व अन्य उपलब्ध जनप्रतिनिधिगण से कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से प्रारम्भ होगा। उसके पूर्व सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर साफ सफाई से संबंधित कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

## नवरात्रि से पहले योगी सरकार का तोहफा

# विंध्याचल रेलवे स्टेशन अब हुआ 'विंध्याचल धाम', अधिसूचना जारी

यूपी में सीएम योगी की सरकार ने नवरात्रि से पहले एक बड़ा फैसला किया है। सरकार ने विंध्याचल रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर विंध्याचल धाम करने का आदेश दिया है। जिसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

मिर्जापुर में विंध्याचल रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक तौर पर विंध्याचल धाम रेलवे स्टेशन रखा गया है। यह बदलाव विंध्याचल कॉरिडोर परियोजना के पूर्ण होने से पहले किया गया है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक प्रमुख पहल है।

योगी सरकार के इस फैसले को स्थानीय नवरात्रि से पहले तोहफे के रूप में देख रहें हैं। इस नए नाम से क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक उजागर किया गया है।

**खास बातें**

- स्टेशन के साइनबोर्ड, प्लेटफॉर्म और दस्तावेजों पर नया नाम पहले से लागू
- विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी का मंदिर देश के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक

### सरकारी निर्देश व औपचारिकताएं पूरी



राज्य सरकार ने सर्वे ऑफ इंडिया , रेल मंत्रालय , डाक विभाग, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नाम परिवर्तन से संबंधित अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। प्रयागराज में मुद्रण और लेखन सामग्री निदेशालय को उत्तर प्रदेश गजट में इसकी अधिसूचना प्रकाशित करने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन के साइनबोर्ड, प्लेटफॉर्म और दस्तावेजों पर नया नाम पहले से ही लागू किया जा चुका है।

### मांग और आध्यात्मिक महत्व

नाम परिवर्तन स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, जो इस मंदिर शहर की धार्मिक महत्ता को रेलवे स्टेशन के नाम में देखना चाहते थे। विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी का मंदिर है, जो देश के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक है। विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान, देश भर से लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। नाम परिवर्तन के साथ-साथ, विंध्याचल धाम रेलवे स्टेशन का बड़े पैमाने पर पुनर्विकास भी किया जा रहा है।

### तीन दिन गोरखपुर में रहेंगे सीएम योगी, नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार से तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बस्ती जिले में सरस्वती शिशु मंदिर की आधारशिला रखने और भूमिपूजन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना है, जबकि विदेशी देश भारत और दुनिया को लूटकर धन-संपत्ति बटोरते रहे। सीएम ने कहा कि एक प्रवृत्ति पनपी थी और गुलामी की मानसिकता ने देश को इस तरह जकड़ लिया था कि हर भारतीय को लगने लगा था कि एक भारतीय को नीची नजर से देखा जाना चाहिए, जबकि एक विदेशी को संपन्नता की नजर से देखा जाना चाहिए। आपने देखा होगा कि पिछले 11 वर्षों में इस बुरी प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है।

## मंत्री बोले-33 हजार नियुक्तियां प्रधान शिक्षकों की भी भर्ती

# पटना में बीपीएससी टीआरई-4 में सीटें बढ़ाने को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार लोक सेवा आयोग के चौथे चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा का नोटिफिकेशन 1.20 लाख पदों के साथ जारी करने की मांग को शिक्षक अभ्यर्थी सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प भी हो गई। जिसके बाद अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें कई अभ्यर्थियों को चोटें भी आई हैं। बीपीएससी टीआरई-4 पर मचे बवाल के बीच शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का बयान सामने आया है। उन्होने कहा कि टीआरई-4 के बाद ही टीआरई-5 की परीक्षा होगी। फिलहाल जितनी वैकेंसी है, उसी हिसाब से प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

### ढाई लाख शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी के माध्यम से हो चुकी

मंत्री ने बताया कि अब तक करीब ढाई लाख शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी के माध्यम से हो चुकी है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 33 हजार नियुक्तियां प्रधान शिक्षकों की भी हुईं है। जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं। इसके बावजूद हम लोग टीआरई-4 के माध्यम से 26 हजार से ज्यादा नियुक्तियां कर रहे हैं। विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की भी याचना भेज रखी है। इसके बाद टीआरई-5 होगी। फिलहाल जो भी मांगें है उन्हें पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा

टीआरई-4 में कम वैकेंसी को लेकर अभ्यर्थियों ने अब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुछ दिनों पहले शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था बीपीएससी द्वारा टीआरई-4 (चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा) का आयोजन 16 से 19 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। परीक्षा का परिणाम 20 से 24 जनवरी 2026 के बीच प्रकाशित किया जाएग सरकार की इस घोषणा के बाद अभ्यर्थियों में नाराजगी बढ़ गई है।

## पेज एक का शेष

### बालेन को नेपाल का 'शाह'...

दिया था। राष्ट्रपति भवन में भी आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन को भी नहीं छोड़ा। वहां भी अग्निकांड कर दिया। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर पर भीड़ ने हमला कर दिया। इस हमले में पूर्व पीएम भी घायल हो गए। हमले में जख्मी हुए शेर बहादुर को सेना ने बचाया है। दूसरे पूर्व पीएम झलनाथ खनाल की पत्नी राज्यलक्ष्मी को भी प्रदर्शनकारियों ने जलाकर मार डाला। उनके घर में आग लगा दी गई थी। वैसे, अब यह साफ हो गया है कि नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने सोशल मीडिया पर बैन को केवल ढाल बनाया। काठमांडू में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह विरोध सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण नहीं है, बल्कि हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि हमें एक युवा नेता चाहिए। हम बदलाव चाहते हैं। जनरेशन-जी एक युवा नेता की मांग कर रही है। हम बहुत खुश हैं कि नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि इसकी पृष्ठभूमि करीब 4 महीने पहले बन गई थी। तब बालेन शाह अमेरिकी राजदूत से मिले थे। माना जा रहा है कि इस तख्ता-पलट की पूरी पटकथा अमेरिका ने ही लिखी थी। बालेन शाह का नाम पीएम पद के लिए सबसे आगे चल रहा है। इधर, भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत के नागरिकों को नेपाल की स्थिति स्थिर होने तक यात्रा स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए चौथे काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव को स्थगित कर दिया गया है।

**पूर्व पीएम ओली से रही बालेन शाह की अदावत** : बालेन शाह को पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली का विरोधी माना जाता है। दोनों के बीच अदावत की वजह थी कि बीते साल काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी ने नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई की जद में कई नेता भी आए। ऐसे में काठमांडू मेट्रोपोलिटन सिटी का विरोध शुरू हो गया। बालेन शाह ने इसके लिए पीएम केपी शर्मा ओली पर निशाना साधा। इसके बाद मेट्रोपोलिटन सिटी के हजारों कर्मचारियों को कई महीनों तक सैलरी नहीं मिली थी। बालेन शाह ने इन कर्मचारियों को समर्थन दिया था और सरकार को चेतावनी दे डाली थी। इस मामले को लेकर खूब विवाद हुआ और बालेन शाह लोगों की नजरों में चढ़ गए। नेपाली जनता भ्रष्टाचार के चलते राजनीतिक दलों से नाराज चल रही है, लेकिन बालेन शाह किसी पार्टी से जुड़े हुए नहीं हैं और ये बात भी उनके पक्ष में जाती है। सोशल मीडिया पर बालेन शाह से देश का नेतृत्व करने की अपील की जा रही है। खासकर फेसबुक पर बालेंद्र शाह के समर्थन में पोस्ट की भरमार हैं। जिनमें नेपाली युवा बालेंद्र शाह से नई राजनीतिक पार्टी बनाकर देश को नई दिशा देने की गुहार लगा रहे हैं।

**काठमांडू एयरपोर्ट बंद भारतीय उड़ानें रद्द, दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर** : नेपाल में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण राजधानी काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। हालात को देखते हुए एयर इंडिया और इंडिगो ने काठमांडू जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। इसी बीच भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। नेपाल की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाई गई आग से उठे धुएं के कारण हवाईअड्डे के दक्षिणी हिस्से से आने वाली उड़ानों की लैंडिंग रोक दी गई। इसी बीच भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि नेपाल में मौजूद सभी भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति या सहायता की जरूरत होने पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। जारी किए गए नंबर हैं: +977-9808602881 और +977-9810326134। दूतावास ने नागरिकों से सतर्क रहने और हालात पर नजर बनाए रखने की अपील की है। यात्रियों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

**राष्ट्रपति पौडेल ने बातचीत की अपील की** : नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंगलवार को सभी पक्षों से संयम बरतने और संकट के समाधान के लिए बातचीत की अपील की। उन्होंने कहा कि देश एक कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने आंदोलनकारी समूह 'जेन जी' समेत सभी से शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया।

### कौन हैं बालेन शाह? रैपर से...

सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय रहते हैं, जिससे युवा पीढ़ी उनसे जुड़ी। हाल ही में उन्होंने जेन जी के नेतृत्व वाले प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि भले ही वे आयु सीमा (28 वर्ष से कम) के कारण प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकते,लेकिन उनकी पूरी सहानुभूति और समर्थन प्रदर्शनकारियों के साथ है। उन्होंने राजनीतिक दलों और नेताओं से आंदोलन का दुरुपयोग न करने की अपील भी की।

### हालात सामान्य होने तक ...

और प्रदर्शनों में मारे गए युवाओं को लेकर गहरा दुख जताया है। इसके अलावा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र अति शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। गौरतलब है कि नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बीच अब तक लगभग 22 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के साथ ही नेपाल सरकार के कई मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं। जिसके बाद भारत के निकट पड़ोसी पहाड़ी देश में राजनीतिक अस्थिरता का गंभीर संकट पैदा हो गया है।

**संवाद से निकालें शांति का रास्ता** : नेपाल भारत का एक निकट पड़ोसी और मित्र देश है। जिसे देखते हुए हम सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील करते हैं और तमाम मुद्दों का संवाद के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने पर जोर देते हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत के संज्ञान में आया है कि नेपाल के अधिकारियों ने राजधानी काठमांडू के अलावा कुछ अन्य शहरों में कर्फ्यू लगा दिया है। जिसे देखते हुए भारतीय नागरिकों को एक बार फिर से सतर्कता बरतते हुए किसी भी प्रकार की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

### दूतावास से संपर्क रखें ...

कर सकते हैं। इन दोनों नंबरों पर सामान्य फोन कॉल के अलावा व्हाट्ऐप कॉल की सुविधा भी मौजूद है।

### सियाचिन बेस कैंप के पास ...

थे। सेना का बचाव दल तुरंत सक्रिय हुआ और उसने राहत-बचाव अभियान की शुरुआत की। दल ने हिमस्खलन में फंसे हुए एक कैप्टन को बचाया है। वहीं, बचाव अभियान में लेह और उधमपुर स्थित सेना की अन्य इकाइयों की भी मदद ली जा रही है।

**सेना ने दी श्रद्धांजलि** : एक्स पोस्ट के मुताबिक, जीओसी (फायर एंड फ्यूरी कोर) और सभी रैंक सिपाही मोहित कुमार, अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी और अग्निवीर दभी राकेश देवाभाई को सलाम करते हैं। जिन्होंने 9 सितंबर 2025 को सियाचिन में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। बताते चलें कि पूर्व में सियाचिन बेस कैंप के पास हिमस्खलन की घटना हो चुकी है। जिसमें से एक घटना के दौरान बेस कैंप से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर हिमस्खलन आया था।

### पहली बार 1.10...

जा रही है, क्योंकि कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव संभव है। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41% बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्तूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44% उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं, विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कॉमेक्स में दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

### क्यों बढ़े सोने का ...

0.25% (25 बेसिस प्वॉइंट) की दर कटौती की उम्मीद की जा रही है। ब्याज दरों में कमी से सोने की मांग बढ़ती है क्योंकि सोना निवेशकों के लिए ज्यादा आकर्षक विकल्प बन जाता है। कमजोर अमेरिकी डॉलर का सीधा फायदा सोने को मिला। जब डॉलर कमजोर होता है, तो अन्य मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो जाता है।

### परियोजनाओं में देरी को लेकर...

कहा गया है कि वे 'निर्माण कार्यों से संबंधित सभी लंबित मध्यस्थता मामलों' का ब्यौरा भी प्रस्तुत करें। इसमें परियोजना का विवरण, ठेकेदार या एजेंसी का नाम, वित्तीय दायित्व, गत तीन वर्षों में हुए मध्यस्थता निर्णय एवं उनका राज्य पर वित्तीय प्रभाव सम्मिलित होगा। प्रत्येक विभाग को प्रशासनिक सचिव द्वारा अनुमोदित एक 'संक्षिप्त टिप्पणी' भी संलग्न करनी होगी, जिसमें विषय की गंभीरता, संभावित त्रुटियाँ, मुख्य चिंताएँ एवं 'आगे की कार्ययोजना' का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए इंजीनियर-इन-चीफ की एक समिति भी गठित की गई है, जो इन मामलों की समीक्षा कर उचित सिफारिशें देगी ताकि राज्य को अनावश्यक विलंब और वित्तीय दायित्वों से बचाया जा सके।

### प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा...

उम्मीद जताई जा रही है। हाल के दिनों में सकारात्मक संकेत भी मिले हैं—कई जगहों पर दोनों समुदायों ने साथ मिलकर खेती-बाड़ी और संसाधनों का साझा उपयोग शुरू किया है, जिससे आपसी विश्वास धीरे-धीरे बहाल होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा न केवल राजनीतिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी बेहद अहम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सूबे के मैतेई और कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से चल रही हिंसक झड़पों के बीच प्रधानमंत्री का ये पहला दौरा है। वहाँ शांति की स्थापना में " मोदी - पहल" कितना कारगर होती है इस पर विश्व बिरादरी की नज़र है।

### पंजाब के लिए 1600 करोड़ ...

योजना के अंतर्गत परियोजना आधार पर सहायता प्रदान की जाएगी। डीज़ल से चलने वाले बोरवेल के लिए, सौर पैनलों के लिए एमएनआरई के साथ अनुकूलन और प्रति बूंद अधिक फसल दिशानिर्देशों के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पात्र परिवारों को घरों के पुनर्निर्माण के लिए पंजाब सरकार द्वारा प्रस्तुत विशेष परियोजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए सरकारी स्कूलों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार को दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सहायक जानकारी प्रदान करनी होगी। जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब में जल संचयन हेतु पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षतिग्रस्त पुनर्भरण संरचनाओं की मरम्मत और अतिरिक्त जल संचयन संरचनाओं का निर्माण करना होगा। केंद्र सरकार ने नुकसान की सीमा का आकलन करने के लिए पंजाब का दौरा करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल भी भेजे हैं, और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत व्यापक सहायता प्रदान की जाएगी। इससे उनका दीर्घकालिक कल्याण सुनिश्चित होगा।

## राज्य की विकास दर 8.64%

# बिहार की अर्थव्यवस्था 4.89 लाख करोड़ से बढ़कर 5.31 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ पटना



वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार की विकास दर 8.64 प्रतिशत रही है। इस एक वर्ष में अर्थव्यवस्था 4.89 लाख करोड़ से बढ़कर 5.31 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसके उल्लेख के साथ ही उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया कि निकट के वर्षों में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 10 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है।

उन्होंने कहा कि बिहार अब मात्र कृषि आधारित राज्य नहीं रहा। निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग में 11 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत तथा परिवहन व संचार में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय अनुशासन भी बना हुआ है। राजकोषीय घाटा जहां पहले 6.2 प्रतिशत हुआ करता था, वह घटकर अब 2.9 प्रतिशत रह गया है। हाल के सम्मेलनों से 2.3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।शाही लीची, भागलपुरी सिल्क और मिथिला मखाना सहित 16 उत्पादों को जीआइ टैग मिल चुका है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है और बिहार की पहचान वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई है। इसी के साथ उन्होंने 2047 तक बिहार को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

# कुत्ते के दौड़ाने पर गिरे बैंक मैनेजर को वाहन ने कुचला

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



यहां खुल्दाबाद के नुरूल्ला रोड स्थित निराला स्वीट हाउस के पास सोमवार सुबह कुत्ते के दौड़ाने पर बैंक मैनेजर अबरार अहमद (36) की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए। इसी दौरान नगर निगम के कूड़ा वाहन ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। वह अपनी पत्नी और ढाई साल की बेटी को सिविल लाइंस बस अड्डे पर छोड़कर घर लौट रहे थे। खुल्दाबाद थाना पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेने के साथ आरोपी चालक सोनू भारतीया पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

करेली के रहने वाले अनीश अहमद रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त हैं। इनके बेटे अबरार बैंक ऑफ बड़ौदा में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे जबकि पत्नी शैलो प्रतापगढ़ के कुंडा स्थित एक स्कूल में शिक्षिका हैं। रोजाना की तरह पत्नी को बस से कुंडा जाना था। सुबह करीब साढ़े 6 बजे अबरार शैलो और बेटी को बाइक से सिविल लाइंस बस अड्डे पर छोड़ने गए थे।

घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर भागने लगा। आसपास के लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। खुल्दाबाद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया और नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## जोगबनी चेक पोस्ट के पास आगजनी, एसएसबी मुस्तैद

# नेपाल में मचे बवाल की लपटें बिहार बॉर्डर तक पहुंचीं




एजेंसी ▶▶ अररिया

नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ भड़का छात्र और युवा आंदोलन अब सीमा पार भारत-नेपाल जोगबनी बॉर्डर तक आ पहुंचा है। मंगलवार को विराटनगर स्थित सीडीओ कार्यालय में प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की। जिसके बाद हालात बेकाबू होते चले गए। नेपाल पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए कई जगह कर्फ्यू लगा दिया है, लेकिन आंदोलन की आग अब भारत-नेपाल सीमा पर भी महसूस की जा रही है। जोगबनी स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट से आगे नेपाल स्थित आईसीपी के पास भी प्रदर्शनकारियों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया। सीमा के भीतर भारतीय क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

56वीं बटालियन एसएसबी के जवान पूरे बॉर्डर को सुरक्षा घेरे में लेकर तैनात हैं। द्वितीय सेनानायक संजीव कुमार ने खुद कैंप कर मोर्चा संभाल रखा है। उनका कहना है कि रूटीन चेकिंग चल रही है, चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। बॉर्डर से नो-मैन्स लैंड तक सख्त जांच व्यवस्था लागू कर दी गई है। दूसरी ओर नेपाल आर्म्स फोर्स भी मोर्चा संभाले खड़ी है। इस बीच सामान्य आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मेडिकल इलाज के लिए जाने वाले मरीजों से लेकर छोटे कारोबारी तक सभी को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### यूपी के बहराइच जिले तक पहुंची नेपालगंज में हो रहे प्रदर्शन की आंच

**बहराइच**। यहां रुपईडीहा-नेपाल बॉर्डर पर मंगलवार को कुछ लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नेपाल में कई सोशल मीडिया एप बैन किए जाने के विरोध में किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह तोड़फोड़ और आगजनी की। प्रदर्शन नगर पालिका, बीपी चौक व धम्मबोझी चौक पर हुआ। इस दौरान मामला कंट्रोल करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग व आंसू गैस छोड़नी पड़ी। बहराइच से सटे नेपालगंज में प्रदर्शनकारियों द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। जगह-जगह टायर जलाकर प्रदर्शन को उग्र बनाने की कोशिश की। नेपालगंज के बीपी चौक पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस तरह सरकार ने सुनियोजित तरीके से गोली चलवाई है, वो बेहद निंदनीय है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए ओली सरकार की बर्खास्तगी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवाओं पर गोली चलाने का खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। वहीं इस दौरान रुपईडीहा बॉर्डर पर आवागमन बाधित रहा। एसएसबी सर्तक मोड है। पुलिस अधिकारी नेपाल की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए बॉर्डर पर कैंप डाले हुए हैं।


**एसएसबी अलर्ट, बॉर्डर पर पुलिस ने डाला कैंप**



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवार्ड्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल*** : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के एमडी, मंडलायुक्तों व उपायुक्तों को पत्र जारी किया

# परियोजनाएं पूरी नहीं होने से मुख्यमंत्री गुस्साए, अब कमेटी रखेगी कार्यों पर नजर

## परियोजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश, विलंब के कारण, जवाबदेही स्पष्ट रूप से बतानी होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में चलाई जा रही कई परियोजनाओं के पूरा होने में हो रहे विलम्ब को गम्भीरता से लेते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसी सभी परियोजनाओं की प्रशासनिक सचिवों के स्तर पर गहन समीक्षा की जाए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग का दायित्व भी है, ने इस सम्बन्ध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों तथा उपायुक्तों को एक पत्र जारी किया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों या संस्थाओं की 'चल रही परियोजनाओं एवं मध्यस्थता मामलों' की व्यापक समीक्षा करें। साथ ही, विभागों को अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र में भेजने को कहा गया है, जिसमें वित्तीय प्रभाव, विलंब के कारण, जवाबदेही तथा शीघ्र पूर्णता के लिए उपाय' स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएं। लंबित बजट घोषणाओं और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। एक अन्य पत्र में विभागों से कहा गया है कि वे निर्माण कार्यों से संबंधित सभी लंबित मध्यस्थता मामलों का ब्यौरा भी प्रस्तुत करें। इसमें परियोजना का विवरण, ठेकेदार या एजेंसी का नाम, वित्तीय दायित्व, गत तीन वर्षों में हुए मध्यस्थता निर्णय एवं उनका राज्य पर वित्तीय प्रभाव सम्मिलित होगा। प्रत्येक विभाग को प्रशासनिक सचिव द्वारा अनुमोदित एक 'संक्षिप्त टिप्पणी' भी संलग्न करनी होगी, जिसमें विषय की गंभीरता, संभावित त्रुटियां, मुख्य चिंताएं एवं आगे की कार्ययोजना का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।इस उद्देश्य के लिए इंजीनियर-इन-चीफ की एक समिति भी गठित की गई है।




## सीएम ने माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की बैठक ली

### काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा मंदिर का विस्तार

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अश्विन नवरात्रों से पूर्व श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 3 बड़े वातानुकूलित भंडारा हॉल का निर्माण किया जाए, जिसमें एक हॉल में कम से कम 1500 श्रद्धालु एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकें। इसके अलावा, अत्याधुनिक स्तर के रसोईघर की व्यवस्था भी की जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री, श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड अध्यक्ष हैं, आज यहां श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, पंचकूला की 22वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा सहित बोर्ड के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। बता दें कि मंदिर पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिनमें काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा मंदिर का विस्तार, 108 फिट ऊंची हनुमान की मूर्ति वाली वाटिका और पार्किंग आदि भी शामिल हैं।

## समाधान ऑनलाइन में नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

# बालाघाट के डीएफओ को कारण बताओ नोटिस, सिविल सर्जन व वर्तमान सीएमएचओ देवास की रोकी वेतनवृद्धि

▶ मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में की 12 जिलों के आवेदकों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक और जरूरतमंद को सुशासन का सीधा लाभ मिले, यही सरकार का मूल लक्ष्य है। इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में लंबित प्रकरणों पर पैनी नजर रखें।

योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बांस कटाई की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत की थी




बालाघाट जिले के आवेदक झुन्ना लाल पनकू ने वन विभाग की ओर से उसे बांस कटाई की मजदूरी की राशि पांच साल से न दिए जाने की शिकायत की गई थी। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच साल बहुत लंबा अरसा होता है, दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर अपर मुख्य सचिव सचिव वन अशोक बर्णवाल ने बताया कि आवेदक को उसकी मजदूरी की राशि दे दी गई है। देरी के लिए जिम्मेदार संबंधित वन मंडलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस देकर अन्य पर भी कार्रवाई की गई है।

### 4 पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई

भिण्ड जिले के आवेदक रामरतन ने उसकी खसरा ऑनलाईन अपडेट नहीं किए जाने की शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार बताया गया कि इस मामले में देरी के लिए जिम्मेदार तत्समय से अब तक के 4 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। तत्समय से अब तक के 4 तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया है। पन्ना जिले के आवेदक अनिल लाटोलिया ने उसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की थी।

#### देरी के लिए संबंधित उपायुक्त पर भी हो कार्रवाई

टीकमगढ़ में एक महिला के साथ दुराचार हुआ था। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उसे एक लाख की राहत राशि तो दे दी गई है, परंतु शेष तीन लाख रूपए राहत राशि के लिए उसे परेशान होना पड़ा। अब उसे यह राशि मिल गई है। प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण ने बताया कि संबंधित दोषी अफसर को निलंबित कर दिया है।

### जेई की रोकी 2 वेतनवृद्धि

दमोह के आवेदक करण सिंह लोधी की पत्नी श्रीमती सुमन्तरा लोधी ने बिजली बिल में गड़बड़ की शिकायत की थी। उसने कहा कि उसका बिल 9 हजार 976 रुपए आया था, जबकि वास्तविक बिल 214 रुपए था। इस पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि मीटर रीडर ने रीडिंग लेने में त्रुटि की गई थी। इसलिए उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। संबंधित जूनियर इंजीनियर की दो वेतनवृद्धि रोक दी गई हैं। संबंधित परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता पर भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने

### आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं तत्कालीन लेखापाल की सेवाएं समाप्त

देवास जिले की आवेदिका प्रियंका पत्नी हिमांशु दीक्षित ने कहा कि उसे प्रसूति सहायता के 12 हजार रुपए नहीं मिले, तो उसने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की थी। अब उसे राशि मिल गई है। कलेक्टर देवास ने जानकारी दी कि प्रसूति सहायता की राशि आवेदिका को उपलब्ध करा दी गई है। इस मामले में विलम्ब के लिए जिम्मेदार आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर और तत्कालीन संविदा लेखापाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और बहुउद्देशीय कार्यकर्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही जिला चिकित्सालय के सहायक अस्पताल प्रबंधक की दो वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। वर्तमान संविदा लेखापाल को शोकॉज नोटिस जारी कर 10 दिन का वेतन काटा गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी शोकॉज नोटिस देकर 7 दिन का वेतन काटा गया है। तत्कालीन सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं वर्तमान सीएमएचओ देवास की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।

## कलारी के पास खाया जहर, भाई से कहा-खा ली दो गोलियां, मौत

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव तूमड़ा में कलारी के पास एक युवक ने सल्फास की दो गोलियां खा ली। गोलियां खाने के बाद उसने अपने छोटे भाई को कॉल कर बताया था। भाई मौके पर पहुंचा और उसे लेकर निजी अस्पताल गया। वहां इलाज के दौरान रात ढाई बजे उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके है। साथ ही परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संदीप विश्वकर्मा पिता प्रहलाद विश्वकर्मा (25) ग्राम आमरोद, पोस्ट खामलिया, थाना दौराहा, जिला सीहोर का था। वह खेती किसानी करता था और साथ ही मजदूरी भी करता था। उसके छोटे भाई सुधीर विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि संदीप शराब पीने का आदी था और सनकी किश्म का था। रविवार रात वह अपने घर बाइक लेकर निकला था। रात करीब साढ़े 8 बजे उसने तूमड़ा जोड़ के पास कलारी से लेकर शराब पी और कॉल कर बताया कि मैंने सल्फास की दो गोलियां खा ली है। सुधीर मौके पर पहुंचा तो संदीप उल्टियां कर रहा था।

## बिलासपुर में हवाई सेवाओं को विस्तार देने की कवायद शुरू

बिलासपुर। हवाई सेवाओं के विस्तार को गति देने के उद्देश्य से केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने हाल ही में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर हवाई अड्डे के विकास के लिये रक्षा मंत्रालय के पास पड़ी 1012 एकड़ भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के संबंध में एक संयुक्त बैठक बुलाने का आग्रह किया। साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां उच्च न्यायालय के साथ-साथ एसईसीएल, एनटीपीसी और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जैसी अनेक केंद्रीय संस्थाओं के मुख्यालय स्थित हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोल्ड लस्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड पताः ए–90, सेंट्रल मार्केट लाजपत नगर II नई दिल्ली–110024 ने प्रथम सीसी संख्या 7700/2021 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: द्वारका नॉर्थ, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोल्ड लस्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रदत रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोल्ड लस्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 7700/2021 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली के उक्त गोल्ड लस्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नंदनी शर्मा
मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट
साउथ वेस्ट एनआई एक्ट स्पेशल कोर्ट
द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

DP/11901/DW/2025

**विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि / संचालन अवधि में निम्नानुसार बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | पूर्व अधिसूचित तिथि | आवृत्ति | चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 03697 गया जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 15.09.2025 | सप्ताह में 5 दिन | रविवार, वीरवार को छोड़कर | 16.09.2025 से 29.11.2025 तक |
| 03698 दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 16.09.2025 | सप्ताह में 5 दिन | सोमवार, शुक्रवार को छोड़कर | 17.09.2025 से 30.11.2025 तक |
| 03257 दानापुर – आनन्द विहार (ट) सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 10.08.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 05.10.2025 से 30.11.2025 तक |
| 03258 आनन्द विहार (ट) – दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 11.08.2025 | साप्ताहिक | सोमवार | 06.10.2025 से 01.12.2025 तक |
| 03311 धनबाद जं. – चण्डीगढ़ जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 12.09.2025 | सप्ताह में 2 दिन | मंगलवार शुक्रवार | 16.09.2025 से 28.11.2025 तक |
| 03312 चण्डीगढ़ जं. – धनबाद जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 14.09.2025 | सप्ताह में 2 दिन | वीरवार रविवार | 18.09.2025 से 30.11.2025 तक |
| 05219 मुजफ्फरपुर जं. – आनन्द विहार (ट) स्पेशल एक्सप्रेस | 13.09.2025 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.2025 से 29.11.2025 तक |
| 05220 आनन्द विहार (ट) – मुजफ्फरपुर जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 14.09.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 19.10.2025 से 30.11.2025 तक |
| 05575 सहरसा जं. – आनन्द विहार (ट) स्पेशल एक्सप्रेस | 10.09.2025 | साप्ताहिक | बुधवार | 17.09.2025 से 10.12.2025 तक |
| 05576 आनन्द विहार (ट) – सहरसा जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 16.09.2025 | साप्ताहिक | मंगलवार | 23.09.2025 से 16.12.2025 तक |
| 05579 पूर्णियाँ कोर्ट – आनन्द विहार (ट) – स्पेशल एक्सप्रेस | 15.09.2025 | सप्ताह में 04 दिन | सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 16.09.2025 से 15.12.2025 तक |
| 05580 आनन्द विहार (ट) – पूर्णियाँ कोर्ट स्पेशल एक्सप्रेस | 17.09.2025 | सप्ताह में 04 दिन | बुधवार, वीरवार, शुक्रवार, रविवार | 18.09.2025 से 17.12.2025 तक |
| 05559 रक्सौल जं. – उधना जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 27.09.2025 | साप्ताहिक | शनिवार | 04.10.2025 से 27.12.2025 तक |
| 05560 उधना जं. – रक्सौल जं. स्पेशल एक्सप्रेस | 28.09.2025 | साप्ताहिक | रविवार | 05.10.2025 से 28.12.2025 तक |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे। रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2740/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें फॉलो करें

मानिकपुर चौकी क्षेत्र पुलिस कर रही मामले की जांच

## एसईसीएल कर्मी के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, पड़ोसियों ने दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ में लगातार सूने घरों में चोरी की वारदातें बढ़ती ही जा रही हैं। कोरबा में एसईसीएल कर्मी के घर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जहां तीन अलमारियों को चोरों ने निशाना बनाया। कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में शहर के सबसे व्यस्त एसईसीएल मुख्य मार्ग पर बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। घटना डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने स्थित एसईसीएल कर्मी रामाकांत शर्मा के मकान की है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तीन अलमारियों को तोड़ डाला। हाल ही में दो माह पहले ही एसईसीएल मानिकपुर खदान से फिटर पद से रिटायर हुए हैं। उनकी पत्नी भी घर पर रहती है, जबकि दोनों बच्चे पुणे में नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही दंपति बच्चों से मिलने पुणे गए हुए थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को



अंजाम दिया। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखकर तत्काल सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दी और मकान मालिक को वीडियो कॉल कर घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस का कहना है कि मकान मालिक के लौटने के बाद ही चोरी किए गए सामान और उनकी कुल कीमत का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गए थे, लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी कैमरा तोड़कर ले गए।

## भिंड में खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस का लाठीचार्ज, 4 घायल

भोपाल। भिंड जिले के लहार में सोमवार को सहकारी समिति से खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई। घटनाक्रम में 4 किसान घायल हो गए। इसके बाद लाठीचार्ज से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर लहार विधायक अंबरीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर पुलिस अफसरों पर नाराजगी व्यक्त की। इधर, भिंड एसपी असित यादव ने इस मामले में लहार थाना टीआई रवींद्र शर्मा और एक पुलिसकर्मी रामराज सिंह गुर्जर को लाइन अटैच कर दिया है। पूरा मामला यह है कि लहार की वृहत्ताकार समिति पर सुबह 5 बजे से किसान खाद लेने पहुंच गए थे। दोपहर 2 बजे तक व्यवस्था बिगड़ गई। कर्मचारी वितरण संभालने में नाकाम रहे। किसानों ने इसका विरोध किया तो लहार थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामराज सिंह गुर्जर ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे स्थिति बिगड़ गई।

## नदी में आई बाढ़ में एक युवक बहा, दो बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ में इन दिनों नदी नाले उफान पर हैं। इस बीच बाढ़ से हादसा का मामला सामने आया है। धमतरी जिले के दुगली थाना क्षेत्र के काजल नदी में सोमवार को अचानक आई बाढ़ तीन युवकों पर भारी पड़ गई। तेज बहाव में बहने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। ग्राम जबर्रा निवासी मनिहार मरकाम, सुकलाल और राजकुमार तीनों एक मोटरसाइकिल से गरियाबंद जिले के रावण डिग्गी गांव किसी काम से गए थे। लौटते समय काजल नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। तीनों ने मोटरसाइकिल नदी किनारे खड़ी की और हाथ पकड़कर नदी पार करने लगे। इसी दौरान तेज बहाव में तीनों बह गए। राजकुमार और सुकलाल जैसे-तैसे नदी से बाहर निकलने में कामयाब हो गए, लेकिन 27 वर्षीय मनिहार मरकाम तेज धार में बह गया। परिजनों और ग्रामीणों ने देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। आखिरकार दूसरे दिन घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर दुगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

मप्र का निवासी था जवान, पुलिस कर रही जांच

## केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ने खुद को गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के इंजरम कैंप में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने बीती रात अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि जांच अभी जारी है।

घटना बीती रात करीब 10:30 बजे की है, जब 219वीं बटालियन में तैनात जवान निलेश कुमार गर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी इंसास रायफल से खुद पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर साथी जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक निलेश ने दम तोड़ दिया था। मृतक जवान मध्य प्रदेश का निवासी था और लंबे समय से इंजरम कैम्प में तैनात था। साथी




जवानों और अधिकारियों के मुताबिक, निलेश ड्यूटी को लेकर सामान्य दिखाई दे रहा था और उसके व्यवहार में कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया था। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल, आत्महत्या के पीछे के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में 3 अदद रोड के सुधार का प्रावधान (I) गुरूग्राम-अलवर रोड से सोहना से दोला तक कि.मी. 0.00 से 4.70 (आईडी 3084), (II) गुरूग्राम-अलवर रोड से गढी बाजिदपुर से स्कूल बिल्डिंग तक कि.मी. 0.00 से 3.970 (3110), (III) सोहना से सांपकी नांगली (रोड आईडी 3085) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 375.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय कॉलोनी, हिसार में रेवेन्यू कॉलोनी का निर्माण (5 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 08.09.2025 17.09.2025 | 293.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में कि.मी. 258.33 से 258.44 (एलएचएस) और 258.90 से 258.94 (एलएचएस) में नगर परिषद, सिरसा द्वारा एनएच (निकट चतरगढ़ पट्टी फाटक) के आंतरिक शहरी भाग एनएच-09 (पुराना एनएच-10) पर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन (एचडीपी) बिछाने के लिए रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी + 1 कार्य। | 08.09.2025 15.09.2025 | 61.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भकलाना, जिला हिसार में 315 केवीए ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत + 1 कार्य। | 05.09.2025 15.09.2025 | 5.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (2 अदद 13 यात्री लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 05.09.2025 15.09.2025 | 37.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में नागरिक हस्पताल की विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 05.09.2025 15.09.2025 | 39.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन, करनाल | ईडीएल जिला करनाल के अनुरूप औषधि, कंज्यूमेबल और डेंटल मदों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु पुनर्निविदा के सम्बन्ध में। | 13.09.2025 03.10.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2267796 dhs.csknl@hry.nic.in |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचएकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में हॉस्पीटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 10.09.2025 30.09.2025 | ईएमडी 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज, भिवानी | गांव खरक खांडियान ब्लॉक भिवानी में बारदा चौपाल में एमएसके का अपग्रेडेशन और स्थापना + 1 कार्य। | 05.09.2025 11.09.2025 | 12.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में 36 अदद लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 11.09.2025 26.09.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | चलायमान शौचालय वैन्स, बीएस-VI की अधिप्राप्ति। | 10.09.2025 10.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/220/38538/I/88/7 दि. 09.09.25

## चिंतन

# आंदोलन के पीछे केवल सोशल मीडिया बैन नहीं

नेपाल में जो हो रहा है, उसे किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने पूरी सरकार को ही खदेड़ दिया है। संसद भवन के साथ पीएम, राष्ट्रपति और गृहमंत्री के आवास में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पीएम केपी ओली इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागते दिखे। इस सीन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की याद दिला दी। जब शेख हसीना को हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा था। उससे पहले श्रीलंका में भी ऐसे ही तख्तापलट हुआ था। आंदोलन का कारण 4 सितंबर को नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर बैन के आदेश को बताया जा रहा है। इसके बाद हामी नेपाल नाम का एनजीओ चलाने वाले सुदान गुरंग ने इंस्टाग्राम पर युवाओं से स्कूल यूनिफॉर्म और स्कूली बैग लेकर सड़क पर उतरने को कहा। 8 सितंबर को नेपाल की संसद के सामने प्रोटेस्ट शुरू हुआ। ये आंदोलन सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं था। हामी नेपाल ने इसका आह्वान करते हुए पोस्ट में लिखा, लंबे अरसे से करप्शन ने हमारे सपने, हमारा फ्यूचर और देश की गरिमा को खत्म किया है। हम देख रहे हैं कि नेता अमीर होते जा रहे हैं और आम लोगों को जीने के लिए तक संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन अब और नहीं। बस देखते ही देखते आंदोलन ने हिसंक रूप ले लिया। गड़बड़ तब हुई जब सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए गोली चलाने के आदेश दे दिए। जिसमें अब तक 22 लोग मारे गए। बच्चों पर गोली चलवाने की खबर फैलते ही आंदोलन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। युवाओं के साथ-साथ आम जनमानस भी आंदोलन से जुड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री केपी ओली के अलावा सरकार में शामिल 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। असल में 90 के दशक से ही नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल रही है। पहले राजशाही, फिर संवैधानिक राजशाही आई और फिर लोकतांत्रिक सरकार आई, लेकिन नेपाल का करप्शन खत्म होना तो दूर बढ़ता चला गया। जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा था। इससे पहले जब एक सरकार के खिलाफ विरोध का माहौल बनता था तो दूसरे नेता आगे आ जाते थे और देश में चुनाव करवाकर केपी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड के बीच सरकार का ट्रांसफर होता रहता था। इस बार गुस्सा इन सभी सीनियर नेताओं को लेकर है। इनमें से कोई भी जनता को भरोसे में नहीं ले पा रहा। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आगे नेपाल की सत्ता कौन चलाएगा। क्या फौज काबिज होगी, कोई अंतरिम सरकार बनेगी या दोबारा चुनाव होंगे, अभी इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हां यह सही है कि सत्ता कैसी भी, किसी की भी हो, युवाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगी। यह आंदोलन नेपाली नेताओं के लिए सबक भी है।



फिलहाल
संतोष कुमार भार्गव

# धीरे-धीरे नरम पड़ेंगे ट्रंप के तेवर

ट्रंप ने भारत से संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रेपति डोनाल्डह ट्रंप के तेवर नरम पड़ गए हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत किसी भी देश के सामने झुकने वाला नहीं है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने ट्रंप के पोस्टक और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया का मतलब समझाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अब समझ आ रहा है कि उनकी आक्रामक व्यापारिक धमकियां नाकाम साबित हो रही हैं। हाल में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत-बहुत खास' बताया था। फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत, भारत है। यह एक सभ्यता वाला देश है। भारत किसी भी देश का पिछलग्गू नहीं बन सकता। भारत सबके साथ दोस्ती चाहता है। व्यापार करना चाहता है। लेकिन, भारत किसी की तानाशाही नहीं मानेगा।

यह बात ट्रंप की ओर से भारत-अमेरिका संबंधों पर नरम रुख अपनाने के बाद आई है। ट्रंप ने इन संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है। दोनों ही नेताओं के ताजा बयान इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य हो सकते हैं। आपको बता दें कि फिलहाल अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैक्स जारी है।

वर्तमान में विश्व के तमाम देशों से व्यापार और राजनीतिक संबंध रखना सबके लिए जरूर है। बात अगर भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों की कि जाए तो 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपये बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं,



लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है।

राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से?

भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीका को लेना है।

अब सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए? अगर ट्रंप नरम पड़ रहे हैं, तो यह नरमी अभी नीतिगत नहीं है। यह तभी वास्तविक होगी जब शर्तों पर बातचीत होगी और टैरिफ राहत पर कागजी कार्रवाई पूरी हो जाएगी। जीजीआई की ओर बहुत अधिक झुकाव अमेरिकी दबाव से राहत पाने में रुकावट का जोखिम पैदा कर सकता है। हालांकि, वाशिंगटन की ओर बहुत अधिक झुकाव, बदले में, भारत के प्रभाव को कम कर देगा। भारत को इस नरमी को खुले मानकों के लिए एक सहारा के रूप में देखना चाहिए, न कि वैश्विक निवेश साझेदारी यानी जीजीआई के दायरे को बंद करने वाले संरेखण के रूप में। दोनों रास्तों में संतुलन बनाकर ही भारत के आगे के विकल्प तय होने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विशेष
डॉ. जयपाल मेहरा



# जिंदगी के लूप में कहीं खो न जाए इंसानियत का जुड़ाव

सुबह उठे, अलार्म बंद किया, मोबाइल पर दस नोटिफिकेशन... फोन उठाया, बाथरूम गए, नहाते-नहाते रील्स देखीं, नाश्ता किया और ऑफिस निकल गए। ऑफिस पहुंचे, कंप्यूटर ऑन किया, चार ईमेल, पांच मीटिंग्स... दोपहर हो गई। लंच टाइम में फोन स्क्रॉल किया, दोस्तों की शादी की तस्वीरें देखीं, किसी के बच्चे का वीडियो देखा... 'लाइक' कर दिया। शाम हुई, घर आए, खाना खाया और सोने से पहले फिर वही मोबाइल... और फिर सो गए। कल फिर यही दोहराना है। जिंदगी का लूप चल रहा है। एक दिन अचानक दिमाग में ख्याल आता है कि ये सब क्यों? अगर मैं आज नौकरी छोड़ दूं, तो कल सुबह मेरी जगह कोई और बैठा होगा। मेरा कंप्यूटर पासवर्ड तक भी कंपनी भूल जाएगी। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह एक ही गाना बजाए जा रही है, और आप उसके बोल याद करके थक चुके हैं। ये कोई नई हैरान करने वाली बात नहीं लिखी है मैंने, हर दस में से आठ लोगों कि यही कहानी है। बुजुर्गों को लगता है कि उनको कोई सुनता नहीं है, युवाओं को लगता है कि उनको कोई समझता नहीं है। यही फीलिंग, यही अकेलापन, धीरे-धीरे अंदर ही अंदर इंसान को खोखला कर देता है। इस टेक्नोलॉजी के इस युग में हमने भावनात्मक संबंधों को कहीं खो दिया है। अंग्रेजी में क्या कहते है उसको, इमोशनल कनेक्शन..हां वहीं।

आजकल हमारे पास 500 फ्रेंड्स हैं फेसबुक पर और 200 कॉन्टैक्ट्स व्हॉट्स ऐप पर, लेकिन क्या कोई है जिसे हम रात 2 बजे बिना सोचे मैसेज कर सकें? हमने डिजिटल दुनिया में सैकड़ों कनेक्शन बना लिए, लेकिन असली दुनिया में उस एक इंसान को खो दिया जिसके साथ दो कप चाय पर दिल की हर बात कह सके। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम उस कल के लिए टेंशन में हैं जिस कल में शायद हम है ही नहीं। अब क्या पता ऊपर वाले ने हमारी टिकट पहले ही एडवांस बुक कर रखी हो। क्या पता कब, कहां और क्या आखिरी हो। इसलिए आज को जीना सीखो। शाररुख खान की 2003 में आई फिल्म के वो बोल, हर पल यहां..जी भर जीयो... जो है समां.. कल हो ना हो एकदम सटीक बैठते हैं। दुनिया में 800 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और इसमें से आपको यह समझाना कि आपके लिए कोई नहीं है... ये गणित के नियमों के भी खिलाफ है! उस एक इंसान को ढूंढिए जो कंधे पर हाथ रखकर कहे कि सब ठीक हो जाएगा यार, एक ऐसी हंसी जो बिना किसी फिल्टर के सुनाई दे और एक ऐसा कान जो बिना हमें जज किए बस सुन ले कि क्या भसड़ मची है और इसे ही कहते हैं इमोशनल कनेक्शन। वो खास इंसान कोई भी हो सकता है जैसे बेस्ट फ्रेंड, पार्टनर, मां-बाप, या कोई आपका अच्छा सहकर्मी। पर इस लूप से भी बड़ा एक सदमा है जो हमारे युवाओं को झेलना पड़ रहा है। कितनी ही बार एक छात्र ये सोचकर हार मान लेता है कि उसका आने वाला कल सिर्फ एक कागज़ के टुकड़े पर निर्भर है। वो सब कुछ अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और एक दिन... एक गलत फैसला कर बैठता है। क्या उसके सपनों, उसकी कला, उसकी मेहनत की कीमत सिर्फ 90% है? बिल्कुल नहीं! माँ-बाप को भी चाहिए कि बातचीत को एक रिपोर्ट कार्ड में समेटने और फोन पर.. बेटा टेस्ट में कितनी रैंक आई? याद रखो, बहुत पैसा लगा रहे हैं तुम पर, कुछ बनकर ही घर लौटना कहने कि बजाए बस पूछ लीजिए कि कोई दिक्कत तो नहीं नए शहर में ... कोई बात हो... तो बस इतना याद रखना, हम हैं तुम्हारे साथ, हमेशा। ये बात नहीं है कि पढ़ाई और करियर जरूरी नहीं। बिल्कुल हैं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आपका बच्चा और उसका मानसिक स्वास्थ्य। कभी - कभी यूं ही बेवजह अपने बच्चों को गले लगा लिया करो क्योंकि इतिहास गवाह है कि बेटों को जीवन में एक बार ही पिता के गले लगने का मौका मिलता है जब वो कामयाब हो जाते हैं और बेटियों को, जब वो विदा होती हैं। तो जब अगली बार फोन लगे तो पहला सवाल नंबरों के बारे में नहीं, उसके बारे में हो। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें इंसान बनाता है। जब यह टूटता है, तो इंसान टूट जाता है। आत्महत्या के आंकड़े इसी अकेलेपन की चीख हैं। जिंदगी जीने के लिए बहुत छोटी है, लेकिन शिकायत लेकर मरने के लिए बहुत लंबी। हमारी असफलता अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। हर किसी की एक कहानी होती है। कुछ कहानियां इतिहास बन जाती हैं और कुछ दर्द की मारी, इंसान के साथ ही दफन हो जाती हैं। खुद के साथ ऐसा ना होने दें, दूसरों की सुने और खुद की सुनाएं और परफेक्शन से ज्यादा क्नेकशन बनाएं।

( लेखक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्त्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## ओणम उत्सव का समापन



केरल के तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को सप्ताह भर चलने वाले ओणम उत्सव के समापन पर ओणम के दौरान कथकली कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती

### हानिकारक खरपतवार, गाजर घास

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। *– मदन यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# किम ने नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए डिजाइन किए गए एक नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की। आईसीबीएम एक ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक मार कर सकती है। इसे लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल कहा जाता है। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि ठोस ईंधन चलित रॉकेट इंजन का नौवां और अंतिम जमीनी परीक्षण सोमवार को किया गया। यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकता है, जो पहले के मॉडलों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। किम ने एक सप्ताह पहले उस शोध संस्थान का निरीक्षण किया था, जिसने यह इंजन विकसित किया है। इसके बाद ही परीक्षण की यह खबर सामने आई है। उस समय किम के निरीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह इंजन भविष्य में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होगा, जिसमें 'ह्वासोंग-20' नामक प्रणाली भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर कोरिया ने कई तरह की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।



## ऑफ बीट

# संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा

दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है। कैसे बनता है यह ज़हर : कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है, जिससे एक ऑक्सीजन-रहित (एनेरोबिक) वातावरण बन जाता है। आमतौर पर यह प्रक्रिया भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है, लेकिन यह वातावरण क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम के लिए आदर्श स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इस बैक्टीरिया के बीजाणु यानी स्पोर आम तौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं और यह उच्च तापमान पर पकाने के बावजूद जीवित रह सकते हैं। खासकर ब्रोकली, हरी फलियां, मक्का, चुकंदर और मटर जैसे कम अम्लीय खाद्य पदार्थों में, यदि कैनिंग प्रक्रिया पर्याप्त गर्म या लंबी नहीं हुई हो, तो ये बीजाणु सक्रिय होकर ज़हर पैदा कर सकते हैं।



## ट्रेंड

### दौरा किया

बाढ़ और भूस्खलन के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### लोकतंत्र की शक्ति

उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में मतदान के लिए सभी माननीय सांसदों का धन्यवाद। अब हम मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सदस्यों की सामूहिक इच्छाशक्ति हमारे संसदीय लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति है।

- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री



### विशेष महसूस कर रहा

धैर्य से लाइन में लगे, 3 घंटे की तपस्या हुई, परन्तु मतदान करने के बाद बहुत ही विशेष महसूस कर रहा हूं। आज लोकतंत्र के इस महान पर्व पर संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया।


- मनोज तिवारी, भाजपा सांसद



### पैरों पर खड़ा करना

हमें पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। हम जानवरों के लिए चारा, सैनिटरी पैड, गद्दे, तिरपाल, ये सभी चीजें बांट रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह यहां आ रहे हैं।

- सोनू सूद, अभिनेता



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उपराष्ट्रपति चुनाव संपन्न

# प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया, खास पेन का उपयोग किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट किया। पीएम मोदी के बाद तमाम राज्यसभा और लोकसभा सदस्यों ने अपने वोट डाले। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उनकी माता सोनिया गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मतदान किया। इसके बाद अधिकतर सांसदों ने मतदान किया। इस चुनाव को गोपनीय बनाने के लिए एक खास तरह की स्याही का इस्तेमाल किया जाता है। इसी स्याही वाली पेन से सांसद वोट कर सकते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने इसे लेकर पूरी जानकारी दी है।

## गोपनीयता रखने किया विशेष स्याही का उपयोग



*उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक खास पेन का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सांसद अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट करते हैं। लोकसभा की पूर्व महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव ने बताया कि पेन में एक विशेष प्रकार की स्याही होती है। यह इसलिए इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वोट की गोपनीयता भंग न हो जाए। सभी एक तरह के इंक और पेन से निशान लगाएंगे तो यह बात किसी को पता नहीं चल पाएगी कि किसने किसको वोट दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से इस विशेष पेन से वोटिंग की व्यवस्था की गई है। अगर कोई उस पेन का इस्तेमाल नहीं करता है तो वह वोट अमान्य हो जाता है।*

### राज्यसभा के महासचिव ने करवाई वोटिंग

राष्ट्रपति चुनाव की तरह उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति होती है। इसके लिए राज्यसभा के महासचिव को चुना जाता है। इस बार पीसी मोदी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया था, जिनकी देखरेख में पूरी वोटिंग करवाई गई।




रक्षामंत्री राजनाथ सिंह वोट डालते हुए।



राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश सिंह।




आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी।



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी।



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी।



गृहमंत्री अमित शाह।



राकांपा प्रमुख शरद पवार।



विपक्ष के नेता राहुल गांधी।



मल्लिकार्जन खरगे।

**खबर संक्षेप**

### वृंदावन में बाढ़ को देखने पहुंचे प्रेमानंद महाराज



वृंदावन। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में यमुना का रौद्र रूप दिख रहा है। यमुना नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। यमुना का पानी शहर में प्रवेश कर चुका है, निचले इलाकों में खेत-खलिहान, घर-मकान से लेकर मंदिर तक सब कुछ जलमग्न हैं। मथुरा वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद शिष्यों के साथ यमुना के विराथ स्वरूप का दर्शन करने के लिए पहुंचे।

### सूरत में बुजुर्ग ने तापी नदी में लगाई छलांग



सूरत। घरेलू कलह से तंग आकर एक बुजुर्ग ने तापी नदी की तेज धार में ब्रिज से छलांग लगा दी। छलांग लगाने के बाद वह नदी के तेज बहाव में दूर तक बहते चले गए। हालांकि जब लोगों ने देखा तो दमकलकर्मियों को सूचना दी और इसके बाद बुजुर्ग को बचा लिया गया। पानी की तेज लहरों पर संभलते हुए बुजुर्ग जिंदा बच गए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### अब 'एसआईआर' में मान्य होगा आधार

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद चुनाव आयोग ने जारी कर दिए इसके आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के ताज़ा आदेश के बाद चुनाव आयोग ने देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब मतदाता विशेष यानी एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार की प्रक्रिया में आधार कार्ड को भी औपचारिक दस्तावेज़ के तौर पर स्वीकार किया जाएगा।

बिहार में चल रहे एसआईआर के दौरान कागजातों के जमा करने पर विवाद उठा। विवाद ने राजनीतिक जामा पहना। आधार मान्य क्यो नहीं? इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में बहस हुई। कुछ सुधार के साथ सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनों अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को पहचान संबंधी वैध दस्तावेज़ के रूप में मान्यता दी जा सकती है साथ ही जोड़ा कि जिस किसी के आधार पर चुनाव आयोग को शंका हो उसकी उचित पहचान करने और तस्दीक करने के लिए चुनाव आयोग स्वतंत्र है। विदित हो कि चुनाव



आयोग का तर्क ये था की देश में वो ही मतदाता बन सकते हैं जो देश के नागरिक हैं।

ऐसे कई घुसपैठिए हैं जिनके पास आधार है। उनका आधार कैसे बना ये तहक़ीक़ात का विषय है लेकिन संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर ऐसे विदेशी घुसपैठियों को मतदाता पत्र जारी नहीं किया जा सकता। न तो ऐसे गैरकानूनी रूप से देश में निवास कर रहे लोग मतदाता पत्र बना सकते हैं, न चुनाव लड़ सकते हैं। इसके बाद चुनाव आयोग ने यह फैसला किया है। अभी तक एसआईआर के दौरान जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राशन कार्ड और अन्य सरकारी प्रमाणपत्र ही मुख्य दस्तावेज़ के रूप में मान्य थे। चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के इलेक्शन सीईओ को भेजे परिपत्र में कहा है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, सुधार या हटाने के लिए अब आधार कार्ड भी मान्य दस्तावेज़ होगा। बूथ लेवल ऑफिसर, बीएलओ से लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी तक सभी को इसकी जानकारी दे दी गई है। इससे मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया और आसान व पारदर्शी होगी। चुनाव आयोग ने राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि आधार को भी पहचान के रूप में लागू करने में कोई कोताही हुई या कोताही की तथ्यपरकता के साथ शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोग का मानना है कि इस कदम से नए मतदाताओं का पंजीकरण सरल होगा। फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर अंकुश लगेगा।मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने में मदद मिलेगी।

#### विवाद और संतुलन

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी यह स्पष्ट किया था कि आधार को अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता। इसलिए आयोग ने अपने आदेश में यह भी लिखा है कि आधार सिर्फ़ विकल्प के तौर पर मान्य होगा। जिन नागरिकों के पास आधार नहीं है, वे अन्य सरकारी प्रमाणपत्रों से भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं।

#### आगे की प्रक्रिया

अब सभी राज्य चुनाव कार्यालयों को बीएलओ स्तर पर प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है ताकि ग्रामीण और शहरी स्तर पर लोग इस बदलाव को समझ सकें और आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में इसका लाभ उठा सकें।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को मिला नया सरकारी आवास, लुटियंस दिल्ली के एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर होगा निवास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को आखिरकार नया सरकारी आवास आवंटित कर दिया गया है। उन्हें लुटियंस दिल्ली के 34, एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित टाइप-8 श्रेणी का बंगला मिला है। यह वही श्रेणी है, जो पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च संवैधानिक पदों से जुड़े व्यक्तियों को नियमों के तहत आवंटित की जाती है। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई 2025 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से वे अस्थायी तौर पर दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में स्थित आईएनएलडी नेता अभय सिंह चौटाला के फार्महाउस में रह रहे थे। चौटाला परिवार से धनखड़ का वर्षों पुराना करीबी रिश्ता रहा है।

आवास आवंटन को लेकर उन्होंने कुछ सप्ताह पहले शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर 'उपयुक्त' सरकारी मकान की मांग की थी। अब मंत्रालय ने उन्हें यह प्रतिष्ठित बंगला आवंटित कर दिया है। जानकारी के अनुसार यह वही बंगला है जिसमें पूर्व में केंद्रीय मंत्री और मौजूदा मिज़ोरम के राज्यपाल जनरल वी.के. सिंह रहते थे।

नियमों के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति को जीवन भर सरकारी बंगले, पेंशन और आवश्यक स्टाफ-सुविधाओं का अधिकार होता है। टाइप-8 बंगले राजधानी के सबसे आलीशान और सुरक्षित आवासों में गिने जाते हैं। अब पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ लुटियंस जोन में अपने नए सरकारी आवास में शिफ्ट होने की तैयारी कर रहे हैं। संभावना है पितृ पक्ष के बाद वे सरकारी आवास में शिफ्ट होंगे।

## चुनाव अधिकार यात्रा के बाद पहली बार बिहार के वरिष्ठ नेताओं संग बैठा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा ख़त्म करने के बाद प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की।

बैठक में साफ़ कर दिया कि सभी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने में सीटों को लेकर कुछ मतभिन्नता हो सकती है लेकिन किसी क़ीमत पर सभी को पार्टी अनुशासन में रहकर एकजुटता के साथ चुनावी समर में जाना है। विजिट हो महागठबंधन में झमुमो और पशुपतिनाथ पारस की अगुवाई वाली लोजपा के भी शामिल होने के बाद कांग्रेस, राजद, वामदल, मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी समेत दलों की संख्या आठ हो गई है।

जाहिर हैं कांग्रेस पार्टी को अपने हिस्से की भी कुछ सीटें साथी दलों के लिए छोड़नी होगी। पिछली बार के चुनाव में 70 सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी खड़े किए थे जबकि जीत केवल 20 सीटों पर हुई। इस बार कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ज़्यादा से ज़्यादा सीटों पर साथी दलों को उतारकर बिहार की 247 सीटों वाली विधानसभा में 50-55 सीटों पर हो लड़ने और जीत का बेहतर स्ट्राइक रेट लाने की रणनीति पर काम कर रहा है । यही वजह है कि सूबे के बड़े नेताओं के साथ लगातार विमर्श जारी है। बैठक में शीर्ष नेतृत्व के अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह विधायक दल के नेता शकील अहमद ख़ान, विधानपरिषद में नेता मदन मोहन झा, पप्पू यादव, उनकी पत्नी छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद रणजीत रंजन, एआईसीसी महासचिव तारिक अनवर, कन्हैया कुमार समेत अन्य चुनिंदा नेता शामिल हुए ।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C./84 BNNS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **संजीव शर्मा, मै० डी.बी.इन्टरनेशनल के मालिक, पुत्रः** आर के शर्मा, **पताः** मकान न. जी–30, द्वितीय तल, लाजपत नगर–II, नई दिल्ली, **और भीः** बी–108–एस–3, दिलशाद कालोनी, दिल्ली, **और भीः** नजदीक पीएनबी एटीएम, गांव हरिया खेड़ा, पीएस बिहाली, जिला बागपत, यू.पी., ने **Case FIR No. / C.C. No. 2082/2018, U/s 138 NI Act, 84 Bhartiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023,** थानाः भजनपुरा, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजीव शर्मा, मै० डी.बी.इन्टरनेशनल के मालिक,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजीव शर्मा, मै० डी.बी.इन्टरनेशनल के मालिक,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. / C.C. No. 2082/2018, U/s 138 NI Act, 84 Bhartiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023,** थानाः भजनपुरा, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **संजीव शर्मा, मै० डी.बी.इन्टरनेशनल के मालिक,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज राय, एलडी**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा न.–73, पांचवां तल, उत्तर–पूर्वी जिला**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

DP/12037/NE/2025
(Court Matter)

## लोकल ट्रेनों की जगह चलेंगी एसी 'वंदे मेट्रो' ट्रेन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां की उपनगरीय रेल यात्रा में जल्द ही बड़ा बदलाव आने वाला है। मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड (एमआरवीसी) ने 2,856 पूरी तरह वातानुकूलित वंदे मेट्रो (उपनगरीय) कोचों की खरीद के लिए निविदा जारी कर दी है। एमआरवीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विलास सोपन वाडेकर ने बताया कि वंदे मेट्रो ट्रेन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निविदा मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट फेज 3और 3ए के तहत जारी की गई है। यह मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल का हिस्सा है। इसमें न केवल आधुनिक कोचों की आपूर्ति शामिल है, बल्कि 35 साल तक उनका रखरखाव भी किया जाएगा। इन नई ट्रेनों में 12, 15 और 18 डिब्बों वाले रेक होंगे।

### यात्री आरामदायक महसूस करेंगे



*वाडेकर ने कहा कि सभी एसी कोच वातानुकूलित होंगे, जिससे गर्मी और भीड़भाड़ में भी यात्री आरामदायक महसूस करेंगे। इनमें स्वचालित दरवाजे होंगे, जो सुरक्षा बढ़ाएंगे। साथ ही, बेहतर एक्सीलरेशन और डिसीलरेशन से समयबद्धता में सुधार होगा और ये ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार से चल सकेंगी। इस कदम का उद्देश्य मुंबई के दैनिक यात्रियों के लिए यात्रा को अधिक आरामदायक, सुरक्षित और कुशल बनाना है। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को विशेष फायदा होगा। कम समय में यात्रियों को सुगम यात्रा मिलेगी। समय से काम पूरा हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा।*

**निविदा 22 दिसंबर को खोली जाएगी**

इस परियोजना के लिए मध्य रेलवे (भिवपुरी) और पश्चिम रेलवे (वानगांव) में दो अत्याधुनिक रखरखाव डिपो भी बनाए जाएंगे। निविदा जमा करने की प्रक्रिया 8 दिसंबर 2025 से शुरू होगी और यह 22 दिसंबर 2025 को खोली जाएगी। यह पहल 'मेक इन इंडिया' नीति के तहत की जा रही है, जिससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

### अयोध्या दीपोत्सव में बनेगा नया रिकॉर्ड

## इस बार 26 लाख से अधिक दीपों से जगमग की जाएगी रामनगरी



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की शृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस वर्ष 26 लाख से अधिक दीयों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

**पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026

CIN: L45202DL1985PLC019746

**ई–मेलः** panafic.industrials@gmail.com **वेबसाइटः** www.panaficindustrialsltd.com

**दूरभाष** 11-25223461, 25221200

**40वीं वार्षिक साधारण बैठक की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना प्रदान की जाती है कि कम्पनी की 40वीं वार्षिक साधारण बैठक मंगलवार, सितम्बर 30 , 2025 को प्रातः 9:00 बजे कम्यूनिटी हॉल, डी-ब्लॉक, पुष्पांजलि इनक्लेव, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, दिल्ली- 110034 पर एजीएम की सूचना में वर्णित व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जायेगी।

एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रानिक प्रतियाँ उन सभी सदस्यों जिनके नाम सदस्यों की पंजिका/डिपॉटरीज के रिकार्ड अंकित हैं एवं जिनके ईमेल आईडीज कम्पनी/डिपॉटरीज भागीदारों के पास 29 अगस्त, 2025 को पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना को भेजने का कार्य 8 सितम्बर, 2025 को पूरा कर लिया गया है।

पुनः सूचना प्रदान की जाती है कि

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 साथ में पठित कम्पनीज (प्रबन्धन एव प्रशासन) नियमन, 2014 यथासंशोधित एवं सेबी (लिस्टिंग दायतवों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के विनियमन 44 अनुसरण में एतद्द्वारा पुनः सूचना प्रदान की जाती है किः

1. कम्पनी अपने सदस्यों का ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करा रही है ताकि वे एजीएम की सूचना में में वर्णित मदों पर इलेक्ट्रानिकली अपना वोट डाल सकें।
2. ई–वोटिंग की अवधि शनिवार, 27 सितम्बर, 2025 को प्रातः 9:00 बजे पर प्रारम्भ होगी।
3. ई–वोटिंग की अवधि सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 को सायं 5:00 बजे पर समाप्त होगी।
4. कट–ऑफ तिथिः 23 सितम्बर, 2025.
5. एक व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि को सदस्यों की पंजिका अथवा डिपॉटरीज द्वारा बनाये गये लाभदाई स्वामी की पंजिका में अंकित होगा केवल वही रिमोट ई–वोटिंग के साथ साधारण बैठक में वोटिंग की सुविधा के हकदार होंगे।
6. कोई भी व्यक्ति जो सूचना के प्रसार के बाद कम्पनी का सदस्य बना हो और कट–ऑफ तिथि को शेयर धारण करता हो, वे एजीएम की सूचना में दिये गये निर्देशों का पालन कर ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के लिए लॉगइन आईडी और पास वर्ड प्राप्त कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट एजीएम की सूचना के साथ कम्पनी की वेबसाइट यानि www.panaficindustrialsltd.in, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, यानि कम्पनी के आरटीए की वेबसाइट यानि . www.skylinerta.com पर उपलब्ध है।
7. कट–ऑफ तिथि को भौतिक अथवा डिमैटरीलाइज माध्यम में शेयर धारित कम्पनी के सदस्य ई–वोटिंग अथवा साधारण बैठक में मत पत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा के हकदार होंगे।
8. उपरोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जायेगी।
9. एक सदस्य ई–वोटिंग द्वारा अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी साधारण बैठक में भाग ले सकता है लेकिन बैइक में फिर से वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
10. इलेक्ट्रानिक माध्यम द्वारा वोटिंग से सम्बन्धित किसी भी प्रश्न अथवा शिकायत के लिए सदस्य सम्पर्क कर सकते हैंः
    - क. श्री राकेश दलवी, (वरिष्ठ प्रबन्धक) सीडीएसएल, ए विंग, पच्चीसवीं मंजिल, मैराथोन फ्यूटूरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाऊन्ड, एनएम जोशी मार्ग, लोवर परेल (पूर्व), मुम्बई-400 013; Email: helpdesk.evoting@cdslindia.com; टोल फ्री न० 1800 21 09911.
    - ख. सुश्री सरिता गुप्ता (प्रबन्ध निदेशक), पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड, Email: panafic.industrials@gmail.com.

कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों एवं सेबी (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका एवं शेयर हस्तांतरण किताबें बुधवार, 24 सितम्बर, 2025 से मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 (दोनों दिवस शामिल कर) एजीएम के उद्देश्य हेतु बंद रहेंगी।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड**
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN:00113099

तिथि : 8 सितम्बर, 2025
स्थान : नई दिल्ली

### यह भी कहा- पंजाब सरकार हरियाणा से अधिक मुआवजा दे रही

कहा, हरियाणा सरकार ने 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की जबकि केवल 7 हजार से 15 हजार रुपए प्रति एकड़ दे रही मुआवजा

# नायब सरकार कम मुआवजा राशि की घोषणा कर बाढ़ पीड़ितों का कर रही अपमानः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में हाल ही में आई बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस आपदा में किसानों को जो मुआवजा देने की घोषणा की है वह किसानों के साथ घोर अन्याय है के साथ-साथ उनका अपमान भी है। फसलों के नुकसान का पंजाब सरकार हरियाणा से अधिक मुआवजा दे रही है जबकि हरियाणा स्वयं को सबसे ज्यादा विकसित राज्य बताता है। सांसद ने मांग की है कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जहां पंजाब सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की है, वहीं हरियाणा सरकार केवल 7,000 से 15,000 रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा दे रही है। हरियाणा जो अपने आप को विकसित राज्य कहता है, वहां किसानों को इतना कम मुआवजा देना उनके साथ मज़ाक है। सांसद ने कहा कि सरकार ने मुआवजे को पाने की प्रक्रिया को इतना जटिल बना दिया है कि किसानों को पोर्टल पर बार-बार अपलोडिंग और सत्यापन जैसी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

यह किसान के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। सरकार को किसानों को परेशान करने की सोच से बाहर आना चाहिए। सांसद ने सरकार से मांग की है कि इस मुआवजा राशि को तुरंत पंजाब की तर्ज पर कम से कम 20,000 रुपए प्रति एकड़ किया जाए। सरकार को पता है कि फसल का लागत खर्च कि तना आता है, कम से कम उसका ही ध्यान रखते हुए मुआवजे की राशि तय की जानी चाहिए थी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों को पोर्टल के जाल में न फंसाया जाए। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल बनाकर ग्राम स्तर पर ही पटवारी और राजस्व अधिकारियों के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण नुकसान का सही आकलन करने के लिए स्वतंत्र जांच कराई जाए ताकि किसी भी किसान को वंचित न रहना पड़े।सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा के किसानों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और यदि सरकार ने जल्द राहत राशि बढ़ाने का निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। सांसद सैलजा ने कहा कि अब तक 2897 गांवों के एक लाख 69 हजार 738 किसानों ने 09 लाख 96 हजार 701 एकड़ क्षेत्र में खराब हुई फसलों का पंजीकरण करवाया है।

इसके अलावा मकानों को हुए आंशिक या पूर्ण नुकसान का सर्वे कराकर उनकी भरपाई करने की घोषणा की गई है, जो मकान मालिक 20 साल से अगर एक जगह पर बैठा है और उसकी छत को नुकसान हुआ है तो उसकी सहायता भी सरकार करेगी। सैलजा ने कहा कि हरियाणा में मकान क्षतिग्रस्त होने पर एक लाख 30 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई है जबकि हिमाचल प्रदेश में यह मुआवजा राशि सात लाख रुपए है। सांसद ने कहा है कि सरकार को एक बार फिर मुआवजा राशि को लेकर मंथन करना चाहिए। किसानों के जख्मों पर नमक छिडकने के बजाए उस पर मरहम लगाना चाहिए।

## सबसे पतला आईफोन लॉन्च: एपल वॉच सीरीज 11 और अल्ट्रा 3 भी पेश किया

# सबसे पतला आईफोन- 17 एयर लॉन्च, कीमत 1.19 लाख, लाइव ट्रांसलेशन वाला एयरपॉड भी पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। एपल ने अपने सालाना इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में अपना सबसे पतला आईफोन लॉन्च किया। आईफोन एयर 5.6 एमएम पतला है। इवेंट में आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स भी लॉन्च किया गया है। प्रो वैरिएंट में अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी मिलेगी। इसके अलावा एयरपॉड 3 प्रो पेश किया जिसमें रियल-टाइम ट्रांसलेशन फीचर मिलेगा। एपल वॉच लाइनअप में वॉच एसई, वॉच सीरीज 11 और वॉच अल्ट्रा 3 भी लॉन्च की गई है। सभी डिवाइस अपडेटेड ओएस26 के साथ आएंगे, जिसमें लिक्विड ग्लास इंटरफेस मिलेगा। आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स में पहली बार तीनों रियर कैमरे 48 मेगा पिक्सल के हैं। इससे ज्यादा डिटेल्ड तस्वीरें और बेहतर जूम रेंज मिलेगी। नए एक्सटेंडेड प्लेटफॉर्म में एकदम नया टेलीफोटो कैमरा शामिल है।




### अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी

एपल ने आईफोन 17 प्रो लॉन्च किया है, जिसमें एनोडाइजेशन के जरिए बनाया गया प्रिसिजन-मिल्ड एल्यूमिनियम यूनिबॉडी है, जो एकदम स्मूथ डिजाइन देता है। एपल का कहना है कि इसमें अब तक की सबसे बड़ी आईफोन बैटरी होगी। फ्रंट डिस्प्ले को सिरेमिक से प्रोटेक्ट किया गया है, जो इसे और भी मजबूत बनाता है।

### एपल का दावा - एयर अब तक का सबसे पावर-एफिशिएंट आईफोन

आईफोन 17 एयर कंपनी का अब तक का सबसे पतला आईफोन है। इसकी थिकनेस सिर्फ 5.6 एमएम है। इसे 80% रिसाइकल्ड टाइटेनियम फ्रेम पर बनाया गया है। फोन के दोनों तरफ सिरेमिक शील्ड की प्रोटेक्शन है। इसमें 6.5-इंच का प्रोमोशन डिस्प्ले दिया गया है। इतना पतला होने के बावजूद, एपल का दावा है कि ये अब तक का सबसे पावर-एफिशिएंट आईफोन है। इसमें 6-कोर सीपीयू और 5-कोर जीपीयू है, जिसमें सेकेंड-जेन डायनामिक कैसिंग है, जो मैकबुक प्रो जैसी परफॉर्मेंस और ऑन-डिवाइस एआई की बेहतर क्षमता देता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 48 मैगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल मैन कैमरा दिया गया है। यही लेंस 12 मेगा पिक्सल के 2 एक्स टेलीफोटो लेंस की तरह भी काम करेगा। वहीं सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए इसमें 24 मेगा पिक्सल कैमरा है। फोन सिर्फ ई सिम पर काम करता है। एपल का दावा है कि आईफोन एयर की बैटरी पूरे दिन चलेगी। साथ ही, नए मैगसेफ और कस्टम केस जैसे नए एक्सेसरीज भी पेश की गई है।

### बड़े अपग्रेड्स के साथ पेश

आईफोन 17 में मजबूती, डिजाइन और परफॉर्मेंस से जुड़े के बड़े बदलाव किए गए हैं। नए मॉडल में सिरेमिक शील्ड 2 है, जो स्क्रैच रेजिस्टेंस में तीन गुना बेहतर है, साथ ही एपल की नई कोटिंग से और टफनेस मिलती है। इसमें सात लेयर वाली एंटी-रिफ्लेक्टिव फिनिश भी है, जो चमक को कम करती है। ये फोन पांच रंगों में आता है - लैवेंडर, सेज, मिस्ट, ब्लू और ब्लैक। अब इसमें थोड़ा बड़ा 6.3-इंच का प्रोमोशन डिस्प्ले है, जो 120 हर्टज रिफ्रेश रेट देता है और ऑलवेज-ऑन मोड में 1 हर्टज तक जाता है, जिससे बैटरी बचती है। आईफोन 17 में एप्पल का नया ए 19 चिप है, जो 3 एमएन प्रोसेस पर बना है। इसमें 6-कोर सीपीयू, 5-कोर जीपीयू और बेहतर न्यूरल इंजन है, जो ऑन-डिवाइस एआई टास्क को हैंडल करता है। मेमोरी बैंडविड्थ बढ़ने से मल्टीटास्किंग और ग्राफिक्स वाली एप्स की परफॉर्मेंस में सुधार है। कैमरा डिपार्टमेंट में 48 मेगा पिक्सल का मेन सेंसर और 12 मेगा पिक्सल का 2 एक्स टेलीफोटो लेंस है, जो ज़्यादा शार्प डिटेल्स देता है।





### जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया

नई दिल्ली। जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी), सोलन, हिमाचलप्रदेश के कंप्यूटर ज्ञान एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) के अंतिम वर्ष के छात्र देवांश मौद गिलने 14 से 18 अगस्त 2025 तक हिमाचल प्रदेश के सिरमौर (नाहन) जिले के धौलाकुआं में आयोजित 30वीं हिमाचल प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियन शिप (आईएसएसएफ - राइफल एवं पिस्टल) में भाग लिया। हमें यह बताते हुए खुशी होरही है कि देवांशनेइस चैंपियन शिप में शानदार प्रदर्शन किया और 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक हासिल किए। उन्होंने न केवल खुद को गौरवान्वित किया है। बल्किजेपीसूचनाप्रौद्योगिकीविश्वविद्यालय (**JUIT**), वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश का भी नाम रोशन किया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आंमत्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मथुरा पल्वल फोर्थ लाइन (एनसीआर) से संबन्धित संचार एवं संकेत विभाग के लिए रेलय हट और ईआई सेंट्रल बिल्डिंग का निर्माण तथा विविध कार्य करना। |
| 2. | अनुमानित लागत | रू 2.12 करोड़ |
| 3. | धरोहर राशि | रु 256100.00 |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 06 माह के अन्दर। |
| 5. | रेलवे की वेब साईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता। | निविदा दस्तावेज दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें । |
| 6. | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 22.09.2025 से 06.10.2025 समय 11.30 वेब साईट से अपलोड कर सकते है । |
| 7. | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 06.10.2025 को 11.30 तक |

संख्या: 418–एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 08.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2733/25

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 314 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में लिवाली और अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 95 अंक की बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त में रहा और 314.02 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.07 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 95.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से देश की दूसरी बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस के शेयर में 5.03 प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी ने कहा कि उसका निदेशक मंडल 11 सितंबर को इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद के प्रस्ताव पर विचार करेगा। इसके अलावा टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी तेजी बनी रही।



## सोना 5,080 रुपये की छलांग के साथ 1.12 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** नौ सितंबर (भाषा) अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 5,080 रुपये की छलांग के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछली कारोबारी सत्र में यह 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोना उछलकर 3,659.27 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसके बाद यह 3,652.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो 16.81 डॉलर यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में पिछले सप्ताह आए कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक नीति में नरमी की संभावना बढ़ी है, जिससे निवेशकों का रुझान सोने जैसे सुरक्षित निवेश साधन की तरफ बढ़ा है। इसके अलावा डॉलर की कमजोरी ने भी कीमती धातुओं को सहारा दिया।

### होंडा, यामाहा, बजाज ऑटो और जीप ने वाहनों के दाम घटाए

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनियों होंडा, जीप, बजाज ऑटो और यामाहा ने जीएसटी दरों में किए गए बदलाव के अनुरूप मंगलवार को अपने वाहनों की कीमतों में कटौती करने की घोषणा की है।

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that, I Santosh wd/o late Army NO 14203193W ex Hav Ishwar Singh, R/O VPO Dujana, Teh Beri, Distt Jhajjar (HR) declare that in service documents of my deceased husband, the name & D.O.B of my real daughter are recorded as 'NILAM KUMARI' & D.O.B is 07.06.1976 which are wrong. The actual name & D.O.B of my daughter are as 'NEELAM' & D.O.B is 25.05.1976 which are required to be amended according.

## एक साल में डेढ़ लाख रुपए के स्तर पर पहुंच सकती है चांदी

**मुंबई।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत औद्योगिक मांग, कमजोर डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश प्रवाह के कारण आने वाले महीनों में चांदी की कीमतें 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, वैश्विक बाजारों में, चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू सकती है। चांदी की खपत का अब करीब 60 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक उपयोग में आ रहा है। इसका इस्तेमाल तेजी से सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, 5जी टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स में बढ़ रहा है। चीन इसमें अहम रोल निभा रहा है। 2025 की पहली छमाही में चीन ने 127 गीगावाट के पीवी मॉड्यूल्स एक्सपोर्ट किए, जिसने सिल्वर की डिमांड को और ज्यादा बढ़ाया। मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि भारत में सिल्वर अगले 12–15 महीनों में 1.35 लाख–1.50 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती है। वहीं, कॉमेक्स सिल्वर 45–50 डॉलर प्रति औंस के बीच ट्रेड कर सकती है। मंगलवार को चांदी का भाव 1,30,000 रुपए प्रति किलो है। इसमें 3,000 रुपए की तेजी आई है। रिपोर्ट साफ कहती है कि बढ़ती औद्योगिक मांग और निवेशकों की दिलचस्पी चांदी की कीमतों को लगातार सपोर्ट कर रही है।



## एनएसटीएफडीसी और कोल इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली ।** एक ऐतिहासिक पहल के तहत, जनजातीय कार्य मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा के 76 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में बुनियादी ढांचे के उन्नयन और क्षमता निर्माण के लिए हाथ मिलाया है। आज (09.09.2025) नई दिल्ली में कोल इंडिया लिमिटेड और जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली धारा 8 कंपनी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समारोह माननीय केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम और माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सुशील, पुत्र:** मेवा लाल **पता:** 666–टी हट एफ–ब्लॉक शाहबाद डेयरी पंस्ली, दिल्ली शाहबाद डेयरी आउटर **नॉर्थ, दिल्ली Case No. 10367/23, FIR No. 422/2023, U/s: 27/61/85 NDPS Act, पुलिस थाना: नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुशील, Case No. 10367/23, FIR No. 422/2023, U/s: 27/61/85 NDPS Act, पुलिस थाना: नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर–पश्चिम कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11998/RD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अबिदुल, पुत्र:** कल्लू, **पता:** मकान नं. बी–65, शिव पार्क, खानपुर, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 216/2025 U/s 70(1)/351(2)/123/332 भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: नेब सराय, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अबिदुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अबिदुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 216/2025 U/s 70(1)/351(2)/123/332 भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना: नेब सराय, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अबिदुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/11627/SD/2025
(Court Matter)

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 329 दिनांक 07.09.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत

गुमशुदा की पहचान
नाम-भारती।
पति का नाम- जयकिशन ।
पता - गाँव बिलबिलान गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 23 वर्ष।
कद - 5 फुट ।
हुलिया: रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें हैं।
पहनावा:- चोकलेट रंग का सुट व प्लाजो, पैरो मे हरे रंग की चप्पल पहने हुए है।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 06.09.2025 को भारती पत्नी जयकिशन वासी गाँव बिलबिलान गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना सदर गोहाना-7419410545
अनुसंधानकर्ता सुमित 256/ सोनीपत मो0 न0-9050767000
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3872/2026/38541/88/7 दि. 09.09.2025

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील, पुत्र: देव लाल, निवासी: मकान संख्या–बी204, पुनर्वास कॉलोनी, गौतम कॉलोनी, नरेला, दिल्ली** ने **CC NI ACT/2926/2021, U/s: 138 Negotiable Instruments Act, पुलिस थाना आदर्श नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना आदर्श नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **सुनील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हिमांशी त्यागी
जेएमएफसी (एनआई एक्ट), डिजिटल कोर्ट–05,
उत्तरी जिला, कमरा नं. – 5बी,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12085/NW/2025

## शब्द पहेली - 5984




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल–पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

**शब्द पहेली- 5983 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



# एशिया कप हॉकी : भारत का आज कोरिया से मुकाबला, जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।

### कोरिया के बाद चीन व जापान से मुकाबला

विश्व रैंकिंग में 10 वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16 वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत बृहस्पतिवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। भारत व कोरिया दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मुकाबलों में भारत ने तीन बार जीत हासिल की है , जबकि कोरिया ने एक बार विजयी रहा है। एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास ऐसे में मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी।



सुपर चार के मुकाबले शुरू

### भारत की इन खिलाड़ियों पर टिका दारोमदार

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच - पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। नवनीत, मुमताज और ललरेमसियामी को सिंगापुर के खिलाफ कोई चुनौती नहीं मिली और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। नवनीत और मुमताज ने सिंगापुर के खिलाफ 12-0 की जीत में हैट्रिक जमाई। मिडफील्ड में नेहा, उदिति, शर्मिला और रुतुजा पिसाल ने भी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### सुपर चार चरण का ऐसा है शेड्यूल

सुपर चार चरण में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ एक- क मैच खेलेंगे। तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर सुपर चार में जगह बनाई है जबकि कोरिया ने पूल ए में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया।

### टीम के प्रदर्शन से खुश : कोच हरेंद्र

भारत के कोच हरेंद्र सिंह पूल स्टेज में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने कहा हम टूर्नामेंट में टीम की शुरुआत से संतुष्ट है। खिलाड़ियों ने कमाल का जज्बा दिखाया है। हमारी टीम आक्रमण कर मौके का पूरा फायदा उठाने में सफल रही है। पूल चरण हमें अपनी गति बनाये रखने के साथ विभिन्न खेल शैलियों के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका मिला। सुपर चार चरण में हालांकि एक अलग चुनौती होगी क्योंकि हमें कोरिया, चीन और जापान जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों का सामना करना है।

### भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन

भारतीय कोच ने कहा हमें पता है कि सुपर चार चरण में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन है। टीम अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो वहां भी उसके सामने चीन की चुनौती होने की अधिक संभावना होगी। ऐसे में भारत के सामने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद चीन को मात देने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

## एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से

# भारत-यूएई की भिड़ंत आज, दोनों के बीच अब तक हुआ है सिर्फ एक मैच जो भारत ने जीता

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम से आज 10 सितंबर को भिड़ेगी। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में युवा टीम जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी।

दूसरी तरफ मुहम्मद वसीम के नेतृत्व में यूएई की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। भारत और यूएई के बीच होने वाला अगला मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आज 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।




### भारत ने यूएई के खिलाफ जीता है अपना इकलौता मैच

अब तक दोनों देश सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने-सामने हुए थे, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। एशिया कप 2016 की इकलौती भिड़ंत में यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवर खेलने के बाद 81/9 का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। ढाका में खेले गए उस मुकाबले में भारतीय टीम से रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए थे।




### जितेश को मिल सकता है मौका

भारतीय टीम से शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं। ऐसे में संजू सैमसन बेंच पर नजर आ सकते हैं और आईपीएल 2025 में मैच फिनिशर की भूमिका में नजर आने वाले जितेश शर्मा बतौर विकेटकीपर खेल सकते हैं।

**इन पर होंगी नजरें :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने दुबई में 8 टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 36.20 की औसत और 158.77 की स्ट्राइक रेट से 181 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में बुमराह ने दुबई में 4.77 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 6 विकेट लिए हैं। वहीं यूएई के कप्तान वसीम ने इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 13 पारियों में 31.30 की औसत और 156.53 की स्ट्राइक रेट से 407 रन बनाए हैं। यूएई की टीम एक बार फिर अलीशान शराफू और कप्तान मुहम्मद वसीम की सलामी जोड़ी के साथ नजर आ सकती है। हाल ही में त्रिकोणीय टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले वसीम अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का प्रयास करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत एकादश:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह।

**यूएई एकादश:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), मुहम्मद जोहैब, आसिफ खान, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), हर्षित कौशिक, हैदर अली, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद रोहिद खान, जुनैद सिद्दीकी और सिमरनजीत सिंह।

### ट्यूनीशिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

ट्यूनिस। मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की ज़रूरत थी। वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है। ट्यूनीशिया ने क्वालीफाइंग में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है।

### टोनाली ने इटली को विश्व कप क्वालीफाइंग में इज़राइल पर जीत दिलाई

डेब्रेसेन। सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इजराइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने मोइज़ कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया।

## ट्रॉफी पर कब्जा जमाने कल साउथ और सेंट्रल जोन में होगी भिड़ंत



■ मैच 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में सुबह 9 :30 बजे से

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच 11 सितंबर से खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच ड्रॉ रहा, जिसमें पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करने के चलते साउथ जोन ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच मुकाबला भी ड्रॉ रहा और बढ़त बनाने वाली सेंट्रल जोन ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से 15 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

### ऐसा रहा पहला सेमीफाइनल मुकाबला

पहले सेमीफाइनल में साउथ जोन ने एन जगदीशन के बड़े शतक (197) की बदौलत 536 रन बनाए। जवाब में नॉर्थ जोन की टीम शुभम खजूरिया के शतक (128) के बावजूद 361 रन ही बना सकी। बढ़त हासिल करने वाली साउथ जोन ने दूसरी पारी में जब 95/1 का स्कोर बनाया था, तब मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस बीच जगदीशन ने अपनी दूसरी पारी में नाबाद 52 रन बनाए।

### रोचक रहा दूसरा सेमीफाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन ने रुतुराज गायकवाड़ के शतक (184) की मदद से 438 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल जोन ने 600 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। सेंट्रल जोन की ओर से शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63*) ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में जब 216/8 का स्कोर बनाया, तब मैच ड्रॉ रहा।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्त्वपूर्ण सूचना

रेलगाड़ियों के प्रयोगात्मक ठहराव

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों को प्रयोगात्मक ठहराव उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | समय | | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आ० | प्र० | |
| 15733 बालुरघाट–बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस | भदौरा | 07:28 | 07:30 | 12.09.2025 |
| 15734 बठिण्डा–बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस | भदौरा | 19:15 | 19:17 | 11.09.2025 |
| 15743 बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस | भदौरा | 07:28 | 07:30 | 10.09.2025 |
| 15744 बठिण्डा–बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस | भदौरा | 19:15 | 19:17 | 10.09.2025 |
| 15733 बालुरघाट–बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस | बनाही | 06:10 | 06:12 | 12.09.2025 |
| 15734 बठिण्डा–बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस | बनाही | 20:39 | 20:41 | 11.09.2025 |
| 15743 बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस | बनाही | 06:10 | 06:12 | 10.09.2025 |
| 15744 बठिण्डा–बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस | बनाही | 20:39 | 20:41 | 10.09.2025 |
| 15743 बठिण्डा फरक्का एक्सप्रेस | धीना | 08:15 | 08:17 | 10.09.2025 |
| 15744 बठिण्डा–बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस | धीना | 18:40 | 18:42 | 10.09.2025 |
| 12391 रायदुर्ग–नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस | सिलाव | 08:10 | 08:12 | 10.09.2025 |
| 12392 नई दिल्ली–रायदुर्ग श्रमजीवी एक्सप्रेस | सिलाव | 09:32 | 09:34 | 10.09.2025 |
| 13237 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | भदौरा | 13:36 | 13:38 | 13.09.2025 |
| 13238 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | भदौरा | 16:35 | 16:37 | 12.09.2025 |
| 13239 पटना जं.–कोटा जं. एक्सप्रेस | भदौरा | 13:36 | 13:38 | 10.09.2025 |
| 13240 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | भदौरा | 16:35 | 16:37 | 10.09.2025 |
| 14223 रायदुर्ग–वाराणसी बुध पूर्णिमा एक्सप्रेस | पावापुरी रोड | 21:53 | 21:55 | 10.09.2025 |
| 14224 वाराणसी–रायदुर्ग बुध पूर्णिमा एक्सप्रेस | पावापुरी रोड | 04:37 | 04:39 | 10.09.2025 |
| 12393 राजेन्द्र नगर(टर्मिनल)–नई दिल्ली संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस | दानापुर | 19:55 | 19:57 | 10.09.2025 |
| 12394 नई दिल्ली–राजेन्द्र नगर(टर्मिनल) संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस | दानापुर | 05:48 | 05:50 | 10.09.2025 |
| 12309 राजेन्द्र नगर(टर्मिनल)–नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस | दानापुर | 19:46 | 19:48 | 10.09.2025 |
| 12310 नई दिल्ली–राजेन्द्र नगर(टर्मिनल) तेजस एक्सप्रेस | दानापुर | 04:15 | 04:17 | 10.09.2025 |
| 15211 दरभंगा जं.–अमृतसर जन नायक एक्सप्रेस | हायाघाट | 17.43 | 17.45 | 10.09.2025 |
| 15212 अमृतसर–दरभंगा जं. जन नायक एक्सप्रेस | हायाघाट | 02.28 | 02.30 | 10.09.2025 |

**नोट: उपरोक्त ठहरावों के फलस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियों की समय–सारणी में निम्नानुसार संशोधन किया जायेगा:– (1) 15733/15743** का समय रघुनाथपुर स्टेशन पर 06:15-06:17 के स्थान पर 06:20-06:22 होगा, डुमराँव स्टेशन पर 06:30-06:32 बजे के स्थान पर 06:34/06:36 होगा।

**(2) 15734/15744** का समय गहमर स्टेशन पर 19:22-19:24 बजे के स्थान पर 19:24-19:26 होगा, चौसा स्टेशन पर 19:33-19:35 के स्थान पर 19:35-19:37 होगा, बिहिया स्टेशन पर 20:44-20:46 बजे के स्थान पर 20:48-20:50 होगा।

**(3) 12391** नालन्दा स्टेशन पर 08:13-08:15 के स्थान पर 08:17-08:19 होगा, पावापुरी रोड पर 08:22-08:24 बजे के स्थान पर 08:25-08:27 होगा, बिहार शरीफ स्टेशन पर 08:33-08:37 बजे के स्थान पर 08:35-08:39 होगा।

**(4) 13237/13239** जमानियाँ स्टेशन पर 13:48-13:50 बजे के स्थान पर 13:53-13:55 होगा।

**(5) 14223** बिहार शरीफ स्टेशन पर 22:00-22:02 बजे के स्थान पर 22:01-22:03 होगा।

**(6) 12393** आरा जं. स्टेशन पर 20:18-20:20 बजे के स्थान पर 20:20-20:22 होगा।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

2744/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


## विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप

# भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में



एजेंसी ▶▶| ग्वांग्जू।

दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरूष टीम पहले दौर से बाहर हो गई। कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ़ सके। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2-6 से हार गई।

### कांस्य पदक के लिए द. कोरिया से भिड़ंत

अब कांस्य पदक के लिये भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूष टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और ऋषभ यादव तथा ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मिश्रित टीम में रजत पदक हासिल किया। रिकर्व में महिला टीम की अगुवाई कर रही चार बार की ओलंपियन दीपिका क्वालीफिकेशन में 677 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं 14वीं वरीयता प्राप्त गाथा ने 666 और 30वीं वरीयता प्राप्त अंकिता ने 656 अंक बनाये। तीनों ने शानदार शुरूआत करते हुए दसवीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया को 5-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्की को मात दी लेकिन सेमीफाइनल में जापान से हार गई।

### पुरुष रिकर्व टीम व अन्य का ऐसा रहा हाल

पुरूष रिकर्व टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसे पहले दौर में 24वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क ने हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में नीरज चौहान (670 अंक, 36वीं वरीयता), ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा (669, 39वीं) और राहुल (657, 62वीं) थे। शूटआफ तक चले मैच में भारतीय टीम 26-28 से हार गई। कंपाउंड वर्ग में ज्योति, परनीत कौर और प्रिथिका प्रदीप के व्यक्तिगत वर्ग में हारने के साथ ही भारतीय चुनौती खत्म हो गई। बीस वर्ष की परनीत कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में कोलंबिया की अलेजांद्रा से 144-145 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

### भारत की अगुवाई करेंगे रक्षित-अंशुल



**दुबई।** मौजूदा अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन अंशुल मिश्रा और रक्षित दहिया 23 से 26 अक्टूबर तक यहां होने वाली 16वीं एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मौजूदा प्रवेश सूची के अनुसार भारत से दहिया और मिश्रा के अलावा राघव गुलाटी और रणवीर मित्रो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन चारों खिलाड़ियों को अच्छा-खासा अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 2026 में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का निमंत्रण मिलेगा जबकि उपविजेता खिलाड़ी क्वालीफाइंग सीरीज में भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 120 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

## निकहत-मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में, 4 भारतीय पुरुष मुक्केबाज हारे

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल



बार की चैंपियन निकहत जरीन ने मंगलवार को कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पदार्पण कर रही मीनाक्षी ने आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही ड्रॉ में गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। हालांकि यह स्कोर 21 वर्षीय जापान की युना निशिनाका द्वारा दी गई कड़ी टक्कर को नहीं दर्शाता। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली मीनाक्षी ने अपने अभियान की शुरुआत चीन की वांग क्यूपिंग के खिलाफ 48 किग्रा वर्ग में 5-0 की शानदार जीत के साथ की जो एक गैर ओलंपिक वर्ग है। निशिनाका ने लगातार भारतीय मुक्केबाज को परेशान किया और जरूरत से ज्यादा पकड़ बनाए रखने के कारण उनके दो अंक काटे गए। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक शुरुआत की और पूरे इरादे के साथ आगे बढ़ीं। निकहत ने शुरुआत में कुछ हुक लगाए लेकिन जापान की मुक्केबाज ने 3-2 से बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में निकहत ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बेहतर मुक्के जड़े।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ हांगकांग ओपन में आगे बढ़े जॉर्ज

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालीफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया।




### अब जापान व सिंगापुर से होगा मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा।

## अटारी-वाघा सीमा से पाकिस्तान भेजे गए भारतीय जेलों में बंद कुल 67 कैदी

# भारत-ईरान के बीच हुआ राजनीतिक संवाद साझा हितों के तहत मजबूत होंगे संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में इजरायल और हमास के मध्य जारी तनाव के बीच भारत- ईरान वार्षिक द्विपक्षीय राजनीतिक संवाद संपन्न हुआ। जिसमें दोनों देशों ने भविष्य में साझा हितों के मद्देनजर अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत की तरफ से इस संवाद की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पीएआई) आनंद प्रकाश ने की। जबकि ईरान के दक्षिण एशिया डिवीजन के महानिदेशक मोहम्मद रेजा बेहरामी ने बातचीत में अपने देश का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि बीते 8 सितंबर को तेहरान में दोनों पक्षों के बीच बातचीत की यह प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। कनेक्टिविटी, अंतरराष्ट्रीय नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कोरिडोर, आर्थिक, वित्तीय, व्यापार और वाणिज्यिक मामलों पर भी चर्चा की गई। संयुक्त राष्ट्र के साथ ही क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के लिए भी दोनों देश राजी हुए हैं।

### भारत, ईरान, आर्मेनिया के बीच भी हुई बातचीत

मंत्रालय ने कहा कि भारत-ईरान संवाद की इस प्रक्रिया के महत्व को बरकरार रखने के लिए संयुक्त प्रयासों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बातचीत का अगला चरण 2026 में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। वहीं, समान समय अवधि पर भारत, ईरान और आर्मेनिया के बीच भी एक त्रिपक्षीय संवाद हुआ है। जिसमें तीनों पक्षों ने आपसी हितों से जुड़े हुए मामलों के अलावा आर्मेनिया क्रॉस रोड़ परियोजना को लेकर सहयोग को मजबूत बनाने पर सहमति प्रदान की है। अगले वर्ष इस त्रिपक्षीय वार्ता का अगला चरण आर्मेनिया में आयोजित किया जाएगा।

### 67 कैदी पाकिस्तान भेजे गए

वहीं, मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत ने अपनी जेलों में सजा पूरी कर चुके कुल 67 कैदियों (48 मछुआरे और 19 नागरिक कैदी) को अटारी-वाघा सीमा से पाकिस्तान भेज दिया है। भारत की सरकार पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों के मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और उनकी जल्द से जल्द रिहाई के साथ ही भारत वापसी सुनिश्चित करने का पाकिस्तान सरकार से आग्रह करती है। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण माहौल के बीच घटा यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। जिसके तहत भारत ने पाकिस्तानी कैदियों को सुरक्षित ढंग से उनके देश की ओर रवाना किया है।

#### इजरायल को ट्रंप का प्रस्ताव स्वीकार

### विदेश मंत्री सार बोले- जंग होगी खत्म, बशर्ते बंधकों की रिहाई करे और हथियार डाले हमास

**एजेंसी, जाग्रेब।** इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने क्रोएशिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इजरायल ने गाजा में बंधकों




की रिहाई और युद्धविराम समझौते के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नवीनतम प्रस्ताव को "हां" कह दिया है। सार ने कहा, "गाजा में जंग कल खत्म हो सकती है। हम कैबिनेट के फैसले के आधार पर युद्ध समाप्ति को लेकर समझौते को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल सरकार की दो शर्तें हैं- पहला, सभी इजरायली बंधकों की रिहाई और दूसरा हमास अपने हथियार डाल दे। हमास को "फिलिस्तीनियों और इस क्षेत्र के लिए एक समस्या" बताते हुए कहा कि हमास का निरस्त्रीकरण "गाजावासियों और वहां के फिलिस्तीनियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करता है।"

## जयशंकर ने दिखाया आईना तो फिर बौखला गए ट्रंप के व्यापार सलाहकार नवारो

# बोले, ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा ब्रिक्स गठबंधन, वैम्पायर हैं समूह देश, जो अमेरिका का खून चूस रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



टैरिफ की वजह से दुनिया में बनी हुई आर्थिक अस्थिरता के बीच ब्रिक्स के मंच से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा अमेरिका को दिए गए निष्पक्ष और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को बनाए रखने के साफ संदेश के बाद भी उसकी अक्ल ठिकाने पर नहीं आई है। राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो जो पहले भारत की रूस से जारी तेल खरीद को लेकर उसकी आलोचना कर रहे थे।

अब उन्होंने ब्रिक्स पर अपनी खीज निकाली है और उसमें कहा कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका का यह गठबंधन ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा। क्योंकि इसमें शामिल सदस्य देश एक-दूसरे के प्रति वैमनस्य का भाव रखते हैं। साथ ही उनके व्यापारिक तरीके भी 'वैम्पायर' जैसे हैं। जो अमेरिका का खून चूस रहे हैं। एक टीवी साक्षात्कार में नवारो ने यह बातें कही। बीते सोमवार को टैरिफ संकट के बीच ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों का एक आपातकालीन वर्चुअल शिखर सम्मेलन हुआ था। जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर शामिल हुए थे। उस दौरान अपने संबोधन में ही विदेश मंत्री ने टैरिफ के मामले पर अमेरिका को दो टूक अंदाज में संदेश दिया था। जिसके बाद ही पीटर नवारो की यह प्रतिक्रिया आई है। वहीं, आंकड़ों पर नजर डालें तो अमेरिका ने दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ ब्रिक्स देशों पर ही लगाया है। जिसमें समूह के दो देशों जैसे भारत और ब्राजील पर समान रूप से 50 फीसदी, चीन और दक्षिण-अफ्रीका पर 30-30 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। रूस, यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका समेत पश्चिम की जटिल पाबंदियां झेल रहा है।

### ब्रिक्स के विस्तार से छूटे अमेरिका के पसीने

यहां बता दें कि 16 जुलाई 2009 को ब्रिक्स की स्थापना हुई थी। तब इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका जैसे पांच शुरुआती देश सदस्य के रूप में शामिल हुए थे। लेकिन पिछले साल 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान, इथोपिया और मिस्त्र जैसे देश ब्रिक्स के सदस्य बने हैं। जबकि मौजूदा साल 2025 में इंडोनेशिया ब्रिक्स का नया सदस्य बना है। अमेरिका को पहले ब्रिक्स और अब उसका विस्तार बुरी तरह से खटक रहा है। वो इसे पश्चिम के नाटो गठबंधन के खिलाफ एक बड़ी चुनौती के रूप देखते हुए इसका सबसे मुखर आलोचक है।

### अमेरिका के बिना नहीं चलेगा काम

नवारो ने ब्रिक्स देशों को ये नसीहत भी दी कि अमेरिका को अपना सामान बेचे बिना उनका काम नहीं चलेगा। समूह के टिकाऊ होने पर उन्हें संदेह है। उन्होंने ब्रिक्स देशों की व्यापार संबंधी पद्धतियों को अनुचित ठहराते हुए कहा कि जब ये लोग अपना सामान हमें बेचते हैं। तो उस वक्त पर भी ये एक वैम्पायर की तरह ही हमारा ही खून चूसते हैं। सभी देश ऐतिहासिक रूप से ब्रिक्स का हिस्सा हैं।

लेकिन एक-दूसरे से नफरत भी करते हैं और इतिहास में एक-दूसरे के खिलाफ लड़े भी हैं। पूर्व में नवारो ने भारत और चीन संबंधों को लेकर भी बेहद तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों देश दशकों से आपसी सीमाई संघर्ष में उलझे रहे हैं। कुछ समय पहले वह ब्रिटेन के संदर्भ में चीन को लेकर भी ऐसी ही एक टिप्पणी कर चुके हैं।

### भारत पर यूं साधा निशाना

ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने भारत पर तंज कसते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच दशकों से तनाव है। यह वो चीन ही है, जिसने पाकिस्तान को परमाणु बम दिया और अब हिंद महासागर में चीन के झंडे वाले जहाजों की आवाजाही बनी हुई है। नवारो ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि भारत एक बड़ी जनसंख्या वाला देश है। लेकिन वह कुछ लाख इंफ्लुएंसर की मदद से सर्वेक्षण में हेरफेर कर सकता है। जो एक मजाक है। उन्होंने दुनिया के कई देशों के साथ अपने व्यापारिक समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे हमारे साथ ज्यादा फायदा कमा रहे हैं। अमेरिकी बाजार की आवश्यकता है। चीन पर टैरिफ बढ़ाने के सवाल को नवारो ने टाल दिया। वो केवल भारत की रूस से तेल खरीद के खिलाफ ही आग उगलने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि यूक्रेन युद्ध के बीच शांति का रास्ता नई दिल्ली से होकर गुजरेगा और भारत को रूस से पूरी तरह से अपनी तेल खरीद पर रोक लगानी चाहिए।

#### सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी बोले

## भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूती ही सदैव 'जीत' की कुंजी बनी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को किसी भी युद्धक्षेत्र में थल सेना की प्रधानता पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूत पकड़ सदैव जीत की कुंजी रहेगी।

यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने किसी भी युद्ध में थल सेना के महत्व पर ज़ोर दिया और पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का ज़िक्र किया।

द्विवेदी ने कहा कि जब आप दोनों राष्ट्रपतियों के बीच हुए अलास्का सम्मेलन पर गौर करते हैं, तो उन्होंने सिर्फ इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी ज़मीन का आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में, चूंकि हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन पर मजबूती ही जीत की कुंजी बनी रहेगी।

सेना प्रमुख की यह टिप्पणी एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के उस बयान के दो सप्ताह बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर वायु सेना की शक्ति की 'प्रधानता' स्थापित कर दी है।

सेना प्रमुख ने युद्ध की बदलती प्रकृति और भारतीय सेना द्वारा नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के संदर्भ में परिवर्तनकारी बदलावों पर भी विस्तार से बात की।

### हिमाचल में भूस्खलन एक महिला की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड इलाके में भूस्खलन में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों के मलबे में दबे होने की आशंका है। जिले की घाटू पंचायत के शरमानी गांव में सोमवार रात लगभग डेढ़ बजे भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें दो घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

#### कुलगाम के गुडर वन में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

## पहलगाम हमले के बाद चिन्हित 14 स्थानीय आतंकियों में से एक और ढेर, अब 6 बचे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कुलगाम के गुडर वन क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों में एक दरमडोरा शोपियां का आमिर अहमद डार है। इसका नाम



आमिर रहमान

पहलगाम हमले के बाद जारी की गई 14 स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था। वे घाटी में सक्रिय थे और पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ आतंक फैला रहा था। अब सूची में शामिल 8 आतंकी ढेर हुए चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आमिर 'सी केटेगरी' का आतंकी था। आमिर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था।

### बचे आतंकियों की तलाश जारी

अब 6 बचे आतंकियों की तलाश जारी है। उनमें हिजबुल और लश्कर के 3-3 आतंकी हैं। हिजबुल का ए+ कैटेगरी का चीफ ऑपरेशनल कमांडर जुबैर अहमद वानी उर्फ अबू उबैदा, लश्कर का ए+ कैटेगरी का डिस्ट्रिक्ट कमांडर सोपोर आदिल रेहमान, हिजबुल का ए+ कैटेगरी का आसिफ अहमद, लश्कर का सी कैटेगरी का नसीर अहमद, हिजबुल का हारुन रशीद, लश्कर का जाकिर अहमद शामिल हैं।

### 8 आतंकी मारे जा चुके

बता दें, पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची तैयार की थी। पहचाने गए ये आतंकी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

### रूस का यूक्रेन के गांव पर हमला 21 की मौत

**कीव।** रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है। मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गाँव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में गिरा। हमले को बहुत ही क्रूर बताया है।

#### मालेगांव ब्लास्ट

## बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित परिवार बरी करने वाले फैसले को चुनौती

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मालेगांव ब्लास्ट मामले में मृतकों के छह परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था।

यह अपील सोमवार को निसार अहमद सैयद बिलाल और अन्य ने अपने वकील मतीन शेख के जरिए दाखिल की। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव की एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल पर बंधा विस्फोटक फट गया था। यह घटना नासिक जिले के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में हुई थी। धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 101 लोग घायल हुए थे।

#### ई-मेल भेजने वाले ने पाक नारे लगाए

## पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की फिर धमकी

एजेंसी ▶▶ पटना



पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आईईडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है।

इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गई। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है। धमकी देने वाले ने मेल में खुद को 'वनियार पुंडई रामदास' बताते हुए कई सनसनीखेज बातें लिखी हैं। मेल में कहा गया है कि आईईडी विस्फोट से पहले तुरंत गुरुद्वारा के सभी कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया जाए।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर इसरो प्रमुख का बड़ा खुलासा

## निगरानी और संचार उपग्रहों के माध्यम से सेना को मदद पहुंचाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए 400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। सैन्य अभियान के समय पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों के माध्यम से मदद मुहैया कराई जा रही थी। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए वी. नारायणन ने कहा कि इसरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए उपग्रह डेटा उपलब्ध कराया।

### गगनयान मिशन के 7,700 से अधिक परीक्षण पूरे

इसरो प्रमुख ने बताया कि मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान परियोजना के तहत अब तक 7,700 से अधिक जमीनी परीक्षण पूरे किए जा चुके हैं और आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान से पहले 2,300 परीक्षण और किए जाएंगे। गगनयान मिशन के तहत इसरो बिना चालक दल वाले तीन मिशन संचालित करेगा, जिनमें पहला मिशन इस वर्ष दिसंबर में अपेक्षित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे। मिशन के तहत दो मानवयुक्त मिशनों के संचालन के लिए भी अनुमोदन मिल चुका है। नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य सौंपा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109